दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732



वर्ष: 01 | अंक : 225 | जयपुर | 31 मार्च 2023 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04

## जोधपुर में सूचना आयोग की बैंच स्थापित होगी

जयपुर। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अब जोधपुर में सूचना आयोग की बैंच स्थापित होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बैंच की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उन्होंने कार्यालय के संचालन के लिए 12 नवीन पदों तथा आवश्यक वित्तीय प्रावधान की भी स्वीकृति दी है। इन नवीन पदों में एक पद सूचना आयुक्त का है, जिसकी नियमानुसार नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा निजी सहायक, रीडर, सूचना सहायक का एक-एक पद, वरिष्ठ सहायक के 2 पद तथा कनिष्ठ सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 3-3 पद शामिल हैं। बैंच के लिए आवश्यक संसाधन आदि के लिए भी 20 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में बैंच की स्थापना के लिए घोषणा की गई थी।

## बावड़ी की छत धंसने से 14 लोगों की मौत



इंदौर. बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के हवन के दौरान बावड़ी की छत धंसने से 14 लोगों की मौत हो गई। 10 महिलाओं समेत कुल 11 शव बाहर निकाले गए। जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने रस्सियों के सहारे 19 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती किया था। बावड़ी में 30 से ज्यादा लोग गिरे थे। यह 40 फीट गहरी है। इसमें 4-5 फीट पानी है। नगर निगम ने तीन पंप की मदद से पानी निकाला। जिसके बाद दोबारा रेस्क्यू शुरू किया है। ऑक्सीजन के साथ गोताखोरों को उतारा गया है। मौके पर एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची है। महू से आर्मी की टीम भी आ रही है। हादसा सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर में हवन के दौरान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोग बावड़ी की छत पर बैठे थे। वजन से उसकी छत टूट गई और लोग नीचे गिर गए। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है। कलेक्टर ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराने की बात कही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजन को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। सरकार घायलों का इलाज कराएगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से भी मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट कर ये जानकारी दी गई है। इंदौर हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति शोक-संवेदनाएं व्यक्ति की, साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी हादसे पर दुख जताया है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## रामनवमी जुलूस में फैला करंट, 3 की मौत



कोटा. रामनवमी के जुलूस के दौरान हादसा हो गया। गुरुवार को निकल रहे जुलूस के दौरान करंट लगने से 3 लोगों की मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा सुल्तानपुर कस्बे के कोटडादीप गांव में हुआ। अखाड़े के युवक करतब दिखा रहे थे। उसी दौरान एक युवक का चक्र ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर जाकर अटक गया। चक्र को उतारते समय 7 युवक करंट की चपेट में आ गए। जिन्हें इलाज के लिए सुल्तानपुर हॉस्पिटल लाया गया। डॉक्टरों ने 3 को मृत घोषित कर दिया। करतब दिखाने वाले सभी लोग श्री मंशापूर्ण व्यायामशाला, बड़ौद नगर से जुड़े हुए थे। जानकारी के मुताबिक घटना शाम आसपास की है। अखाड़े में शामिल युवक चक्कर को उतारने लगे। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर नीचे गिर पड़े। हादसे से मौके पर भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सीपीआर देना शुरू किया। और पानी डाला। फिर इलाज के लिए सुल्तानपुर हॉस्पिटल लाए। इलाज के दौरान बड़ोद निवासी महेंद्र यादव, अभिषेक नागर, ललित प्रजापति की मौत हो गई। हादसे में झुलसे हिमांशु, राधेश्याम और अमित को कोटा रेफर किया गया है। एक का सुल्तानपुर में इलाज चल रहा है। ग्रामीण रमेश ने बताया कि मकानों के 4 से 5 फीट ऊपर 11 केवी की लाइन गुजर रही है। इसके तार झूल रहे हैं।



रामनवमी पर्व पर गुरुवार को जयपुर के चांदपोल बाजार में भगवान रामचन्द्र मंदिर में सामूहिक पूजा अर्चना करती हुई महिलाएं और भगवान श्रीराम को भोग लगाते हुए।

# 2030 तक राजस्थान को नंबर वन स्टेट बनाएंगे: अशोक गहलोत

### दो लाख से अधिक लाभार्थियों से सीएम गहलोत का संवाद, अपनी योजनाओं का किया बखान

जयपुर. सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि 2030 तक प्रदेश के हर परिवार की सम्पन्नता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है, ताकि हर राजस्थानी देश की अग्रिम पंक्ति में आ सके। आम लोग राजस्थान को 2030 तक देश में नंबर वन राज्य बनाने में योगदान दें। राजस्थान को हमें नवंबर वन स्टेट बलाना है। गहलोत गुरुवार को लाभार्थी उत्सव में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाई जानी चाहिए ताकि राज्य में कोई भी पात्र व्यक्ति इनके लाभों से वंचित नहीं रहे। आज राज्य सरकार की योजनाएं पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। जनकल्याण में राज्य में किए गए इनोवेशन और कहीं नहीं हैं। इनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिस तरह कोरोना मैनेजमेंट में लोगों ने आगे बढ़कर कोई भूखा न सोए के नारे को कामयाब करने में योगदान दिया था, उसी तरह अब कोई व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

**मॉडल स्टेट बन चुका है राजस्थान**

गहलोत ने कहा राज्य सरकार की योजनाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। पहले जहां राजस्थान की एक पिछड़े राज्य की छवि थी, वहीं आज राजस्थान एक मॉडल स्टेट के रूप में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। गहलोत ने कहा राज्य सरकार मुफ्त शिक्षा, पानी, बिजली, राशन, स्वास्थ्य बीमा, जांच, दवाई, उपचार के साथ 1 करोड़ लोगों को पेंशन दे रही है। नए स्कूल, कॉलेज, सड़कों, सस्ते गैस सिलेंडर जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राजस्थान 11.04 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य सरकार द्वारा जनता का पैसा जनहित में खर्च करने के कारण ही ये दोनों उपलब्धियां एक ही समय में संभव हुई है। आमजन को योजना का लाभ लेने में परेशानी न हों इसलिए 181 हेल्पलाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या 200 से बढ़ाकर 1000 कर दी गई है। राजस्थान में 19 नए जिले बनाए गए हैं, ताकि छोटी प्रशासनिक इकाईयों से गुड गवर्नेंस दिया जा सके।




**रिटायर नहीं होंगे**

गहलोत ने 2030 का विजन देकर सियासी तौर पर विरोधियों को मैसेज देने का प्रयास किया है। गहलोत ने इसके जरिए साफ कर दिया है कि अगले विधानसभा चुनावों के बाद भी वे सियासी रूप से सक्रिय रहेंगे। गहलोत पहले भी रिटायर नहीं होने का बयान दे चुके हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर उनकी सेवा कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि कोई इनके लाभों से वंचित नहीं रहे। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है।

# पीएम मोदी नए संसद भवन पहुंचे, लिया जायजा

नई दिल्ली. अभी लोकसभा में 590 लोगों की सीटिंग कैपेसिटी है। नई लोकसभा में 888 सीटें होंगी और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोगों के बैठने के इंतजाम होंगे। देश का नए संसद भवन के निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम नए संसद का दौरा करने पहुंचे। वहां उन्होंने एक घंटे से ज्यादा का समय बिताया और भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान पीएम ने दोनों सदनों में तैयार की जा रही फैसलिटी का जायजा लिया। उन्होंने संसद के निर्माण में लगे मजदूरों के साथ बातचीत भी की। पीएम मोदी के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद थे। केंद्र सरकार ने 2019 में सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना शुरू की थी, जिसमें नए संसद भवन का निर्माण भी शामिल है। मोदी ने दिसंबर 2020 को इसकी आधारशिला रखी थी। पूरे प्रोजेक्ट की लागत 20 हजार करोड़ रुपए है। सेंट्रल विस्टा रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत तिकोने आकार का नया संसद भवन तैयार है। इसकी फिनिशिंग का काम चल रहा है। राजपथ से सटे शास्त्री भवन, उद्योग भवन, रेल भवन, विज्ञान भवन और इंदिरा गांधी नेशनल म्यूजियम अब



यादों का हिस्सा हो जाएंगे। इनकी जगह नई इमारतें लेंगी। प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक कई इमारतों का रि-डेवलपमेंट और कंस्ट्रक्शन हो रहा है। इसमें नया संसद भवन, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के लिए एक-एक बिल्डिंग होगी, मंत्रालय के ऑफिसों के लिए केंद्रीय सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, उप राष्ट्रपति आवास शामिल हैं। अभी जो संसद भवन है, उसके सामने संसद की नई बिल्डिंग बनी है। चार मंजिला ये इमारत 13 एकड़ में है। प्रधानमंत्री आवास करीब 15 एकड़ में होगा। सितंबर 2019 में इस प्रोजेक्ट की घोषणा की गई। प्रस्तावित चार मंजिला इमारत 13 एकड़ में बन रही है। ये राष्ट्रपति भवन से कुछ ही दूरी पर है। पहले इस प्रोजेक्ट के 75वें स्वतंत्रता दिवस से पहले खत्म होने की उम्मीद थी। बाद में समय सीमा बढ़ा दी गई। सेंट्रल विस्टा रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत नया त्रिकोणीय संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास, पीएमओ, उप राष्ट्रपति भवन, एक कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बनाने के साथ ही राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक कॉरिडोर को नए सिरे से संवारा जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल ने बेहतर प्रबंधन के लिए मंडल की कार्यशैली की दिल खोलकर की सराहना

# संजीवनी घोटाले से जुड़े परिवादों पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज होना शुरू

जयपुर. संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले का जिन्न एक बार फिर बाहर आया है। इस मामले से जुड़े 123 परिवादों की जांच कर एसओजी ने संबंधित थानों में भेजना शुरू कर दिया है। इन परिवादों पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज होना भी शुरू हो गई हैं। कुछ दिन पहले ही इस घोटाले के पीड़ितों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी थी कि सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने इस बात को भी दोहराया था कि जिन आरोपों में इस घोटाले के मजरिम जेल में बंद हैं, उन्ही आरोपों में गजेन्द्र सिंह का भी नाम है। एसओजी की ओर से अब तक 123 परिवाद एफआईआर में दर्ज होने के लिए थाने में भेज दिए गए हैं। जिसमें जोधपुर कमिश्नरेट को 25 परिवाद, जोधपुर ग्रामीण में 11 परिवाद, बाड़मेर में 57 परिवाद, जालोर में 30 परिवाद एसओजी ने भेजे हैं। जानकारी के अनुसार जोधपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों और जोधपुर ग्रामीण में एफआईआर दर्ज होना शुरू हो चुकी हैं। संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी की ओर से निवेशकों को मोटा मुनाफा देने का लालच देकर करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में राज्य सरकार ने कड़ा रुख ले लिया हैं। संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के विरुद्ध पिछले 10 दिनों में करीब 22 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं। एफआईआर दर्ज होने का सिलसिला अभी जारी है। जिस तरह से एफआईआर दर्ज हो रही हैं उससे लग रहा है कि आने वाले समय में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह की परेशानी बढ सकती हैं। संजीवनी को-



ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी के खिलाफ 9 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इन सभी मामलों में लाखों रुपए की धोखाधड़ी हुई है। सोसायटी के खिलाफ पांच केस दर्ज हुए थे। चारों प्रकरण मथानिया थाने में दर्ज करवाए गए थे। एसओजी को और शिकायतें मिलने पर अब पुलिस ने प्रकरण दर्ज करना शुरू किया है। आपको बता दें कि राजस्थान की अलग-अलग जेलों में संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के कई आरोपी जेलों में बंद हैं। करीब 20 दिन पहले निवेशकों ने एक पत्र लिख कर मुख्यमंत्री से समय मांगा था। जिसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने दो दिन बाद सभी को समय दिया। इस दौरान निवेशकों ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि वह संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के खिलाफ एक्शन लें जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी हो और उनकी संपत्ति कुर्क कर निवेशकों को पैसा मिल सके। मुख्यमंत्री से मिले आश्वासन के बाद सभी व्यापारी लौट गए थे। जिसके बाद अब संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के नाम मुकदमें दर्ज होना शुरू हो गए हैं। केन्द्रीय मंत्री शेखावत जी को चाहिए समय रहते आगे आकर सब की मदद करें। गरीबों को कैसे पैसा वापस मिल सकता है दिलवाएं। बड़ा घोटाला हुआ है और उनका खुद का नाम उसके अंदर है। पूरे परिवार का नाम है। जो मुल्जिम आज जेल में हैं उन्ही आरोपों में उनका नाम भी है और उनको चाहिए की केन्द्रीय मंत्री बन गए हैं उनके लिए तो जिम्मेदारी बढ जाती है। राजस्थान भर के लोग आए थे। मारवाड़ के घर-घर में पीड़ित हैं। लाख, 50 लाख, दो करोड़ तक पैसा डूब गए लोगों के। हम तो जो कानून कहता है उसके तहत कार्रवाई कराएंगे।

## अगली रामनवमी तक भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगे

हरिद्वार. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर हरिद्वार पहुंचें। वे गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी के 113 वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने गृहमंत्री का स्वागत किया। शाह को विद्या मार्तंड की



उपाधि भी दी गई। इसके बाद उन्होंने दीक्षांत समारोह में 182 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए। अमित शाह ने पतंजलि योगपीठ में यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। अमित शाह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा उन्हें उम्मीद हैं कि अगली रामनवमी तक भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। अमित शाह ने कहा गुरुकुल कांगड़ी 100 साल से अपने सिद्धांतों पर चल रहा है। गुरुकुल कांगड़ी एक वटवृझ बनकर हमारी पुरानी शिक्षा पद्धति को दुनिया में फैला रहा है। इसने वैदिक शिक्षा की परंपरा को जिंदा रखा है। हरिद्वार में पतंजलि संन्यास आश्रम में संन्यास दीक्षा महोत्सव में आठवें दिन बुधवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ऋषिग्राम पहुंचे और चतुर्वेद पारायण यज्ञ में आहुति दी। आज रामनवमी के अवसर पर उन्होंने स्वामी रामदेव वीआईपी घाट पर 100 युवाओं को संन्यास की दीक्षा दिलाई।

## सम्पादकीय

# विदेशों में खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध सिखों का प्रदर्शन बहुत अच्छा कदम है

खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालों के बारे में भारत में कहा जा रहा है कि खालिस्तानी उस समय कहां थे, जब अफगानिस्तान से सिख भाग रहे थे। वहां गुरुद्वारों पर हमले हो रहे थे। यह आंदोलनकारी अफगानिस्तान से सिखों को निकालने के लिए क्यों नहीं सक्रिय हुए?कुछ देशों में खालिस्तान के समर्थन में भारतीय दूतावास पर किए जा रहे प्रदर्शन का विरोध होने लगा है। अच्छा यह है कि खुद प्रदर्शन वाले देशों का सिख समाज इस आंदोलन के पीछे की कहानी जान गया है। यह जान गया है कि इस आंदोलन को बढ़ाने के पीछे पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई का हाथ है। यही कारण है कि वहां का सिख समाज इन आंदोलनकारियों के विरोध में उतर आया। उसने उन्हीं जगह पर भारत के समर्थन और खालिस्तान के विरोध में प्रदर्शन किया, जहां खालिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे।लंदन में पिछले रविवार को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में भी किया गया। नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। इसका भी भारतीयों ने विरोध किया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक- तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा ही सैन फ्रांसिस्को में हुआ। दोनों जगह खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालां के विरुद्ध प्रदर्शन ही नहीं हुए। आंदोलनकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की गई। नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी आएसआई हमारे देश के अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लंदन के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भी इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। रविवार को यहां भी खालिस्तान समर्थक जुटे। इन लोगों ने स्प्रे पेंट्स से अमृतपाल को रिहा करो.. लिख दिया। इन लोगों ने कॉन्स्यूलेट के गेट्स तोड़ दिए। वहां खालिस्तान के झंडे लगा दिए। इसके विरोध में भारतीय अमेरिकियों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गये भारतीय राष्ट्र ध्वज तिरंगे के अपमान के प्रति गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन भी किया।

दरअसल पिछले कुछ समय से साजिश के तहत खालिस्तान आंदोलन को हवा देने की कोशिश की जा रही है। ब्रिटेन में खालिस्तान के समर्थन में जनमत कराया गया। इसके बाद कुछ जगह के हिंदू मंदिरों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए। भारत के इन देशों के राजदूतों का बुलाकर आपत्ति जताने के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे खालिस्तान समर्थकों के हौसले बढ़ते गए। पंजाब में अतिवादी अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बाद लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह निशाना बनाया, उसकी केवल निंदा-भर्त्सना ही पर्याप्त नहीं। भारत के विरुद्ध प्रदर्शन के बावजूद ब्रिटेन और अमेरिका की सरकारों ने इन उपद्रवियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। न तो लंदन में भारतीय उच्चायोग में कोई सुरक्षा व्यवस्था दिखी और न ही सैन फ्रांसिस्को के वाणिज्य दूतावास में। सबसे खराब बात यह है कि इन दोनों भारतीय ठिकानों पर हमले के लिए जिम्मेदार खालिस्तानियों के विरुद्ध वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षित ही नहीं, आवश्यक थी। खालिस्तानियों के उपद्रव और उत्पात की एक लंबे समय से अनदेखी होती चली आ रही है। कनाडा और आस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ने एक मंदिरों को निशाना बनाया। कनाडा और आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं की निंदा तो की, लेकिन उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया।

ब्रिटिश साम्राज्य के पतन के बाद एक अलग सिख राष्ट्र की मांग शुरू हुई। 1940 में खालिस्तान का जिक्र पहली बार ₹खालिस्तान₹ नामक एक पुस्तिका में किया गया। 1947 के बाद प्रवासी सिखों के वित्तीय और राजनैतिक समर्थन तथा पाकिस्तान की आईएसआई के समर्थन से खालिस्तान आंदोलन भारतीय राज्य पंजाब में फला-फूला और 1980 के दशक तक यह आंदोलन अपने चरम पर पहुंच गया। 1984 के दशक में उग्रवाद की शुरूआत हुई जो 1995 तक चला। इस उग्रवाद को कुचलने के लिए भारत सरकार और सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार, ऑपरेशन वुड रोज, ऑपरेशन ब्लैक थंडर-एक तथा ऑपरेशन ब्लैक थंडर-दो चलाए। इन कार्यवाहियों से उग्रवाद बहुत हद तक खत्म हो गया। उसके बाद भारी पुलिस एवं सैन्य कार्रवाई तथा एक बड़ी सिख आबादी का इस आंदोलन से मोहभंग होने के कारण 1990 तक यह आंदोलन कमजोर पड़कर विफल हो गया।

## कृषि एवं उद्यानिकी की आधुनिक तकनीकों का किया गया अवलोकन:उषा शर्मा



जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा द्वारा आज जयपुर के बसेडी, गुड़ा कुमावतान, बस्सी झाझड़ा और बालोलाई गांवो में कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का अवलोकन किया और प्रगतिशील किसानों से संवाद किया। यहां पर 300 से अधिक कृषको द्वारा ग्रीन हाउस में खेती की जा रही है। इस क्षेत्र के कृषकों द्वारा संरक्षित खेती के साथ-साथ ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, सोलर पंप, मल्चिंग, लो टनल, फार्म पॉन्ड आदि तकनीकों का सटीक तरीके से समन्वय कर आधुनिक खेती से बहुत अच्छी आय प्राप्त की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि कृषि का राज्य की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान रहा हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में नित नए नवाचार किए जा रहे है और कृषकों के उत्थान के लिए राज्य सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने युवा कृषक रोशन लाल यादव के पोली हाउस में ड्रिप सिस्टम द्वारा पैदा किए जा रहे उन्नत किस्म के ऑर्गेनिक खीरा, टमाटर, हरी मिर्च और फूलों की तकनीक एवं इसके आर्थिक पक्ष के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्रगतिशील कृषक ने बताया कि जैविक खेती मॉडल अपनाने से खेती में इंसेक्ट ट्रैप कार्ड, सोलर लाइट ट्रैप द्वारा कृषि में नवाचार कर अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने बसेड़ी निवासी प्रगतिशील कृषक भैरू राम थाकन के फार्म हाउस पर संरक्षित खेती, ग्रीन हाउस, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्च, और लो टनल आदि में पैदा की जा रही सब्जियों के बारे में जानकारी ली। कृषको ने बताया कि लो टनल से लगभग 1 महीने पूर्व फसल प्राप्त की जाती है जिसे बाजार में बेचने पर अच्छा मुनाफा कमाया जा रहा है। कृषको ने बताया कि पारंपरिक खेती के साथ ही उद्यानिकी फसलें वरदान साबित हो रही है। उद्यानिकी फसलो से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संग्रहण के लिए फार्म पॉन्ड बनाने से क्षेत्र के जल स्तर में वृद्धि के साथ ही बेहतर उत्पादन भी प्राप्त कर रहे हैं। कृषक बाबूलाल मेहरिया के खेत पर क्षेत्र के कृषकों के साथ मुख्य सचिव द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी में अपनाई जा रही उन्नत तकनीकी, नवाचार एवं अन्य आर्थिक पहलुओं पर चर्चा की गई। कृषको द्वारा बताया गया कि नवीन तकनीकी द्वारा एक कृषक प्रति एकड़ 10 से 15 लाख की आय प्राप्त कर रहे हैं। कृषको द्वारा सूक्ष्म सिंचाई मिशन तथा राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं की प्रशंसा की गई। उषा शर्मा ने राज्य सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के लिए अनुदान पर चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से आह्वान किया कि वे आगे आकर इन सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और तरक्की की दिशा में आगे बढ़े। इस दौरान आयुक्त उद्यानिकी शुभम चौधरी, अतिरिक्त निदेशक कृषि केसी मीणा, रामलाल मीणा, संयुक्त निदेशक उद्यानिकी राजेंद्र सिंह खीचड़, भंवराराम कड़वा, राकेश पाटनी, दानवीर वर्मा, देवेंद्र चौधरी और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर सपरिवार पूजा-अर्चना की। गहलोत ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर हवन में आहुति दी और आरती उतारी। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रदेश में समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा, राज्य मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा, आरयूएचएस कुलपति डॉ. सुधीर भण्डारी, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित अन्य गणमान्यजन एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



## राज्यपाल ने नवमी पर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामनवमी पर राजभवन में राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रहे यज्ञ की पूणार्हुति में भाग लिया और पूजा अर्चना कर भगवान की आरती की। उन्होंने इस अवसर पर राजभवन में कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका पूजन और सत्कार कर आशीर्वाद लिया। राज्यपाल मिश्र ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव मनाते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने नवमी पर भगवान श्रीराम और मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## रामनवमी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली

भरतपुर. रामनवमी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। आयोजकों के मुताबिक शोभायात्रा में 15 से 20 हजार लोग मौजूद रहे। रामनवमी की शोभायात्रा के उपलक्ष्य में पूरा भरतपुर में केसरिया रंग छा गया। जगह जगह केसरिया रंग के झंडे लगाए गए। हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए गए। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। कई तरह की झांकियां रामनवमी की शोभायात्रा में मौजूद रहीं। शोभायात्रा में 11 घोड़े निकाले गए। जिन पर रामध्वज लेकर रामदूत सवार रहे। शोभायात्रा भरतपुर शहर की अनाज मंडी से शुरू हुई और शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए कॉलेज ग्राउंड में शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी और राम लक्ष्मण, अशोक वाटिका में माता सीता एवं हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा शोभायात्रा में श्रीराम दरबार की भव्य सजीव झांकी रही, जो शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। शोभायात्रा में मराठी गणवेश में लड़कियां श्रीराम ध्वजा को लहराती चलीं। शोभायात्रा में दो नगाड़ा पार्टी भी रहीं। शोभायात्रा के रास्ते में जगह-जगह बाजार में माइक लगवाए गए। उसका कंट्रोल रूम लक्ष्मण मंदिर पर स्थापित किया गया। इसके साथ ही शोभायात्रा समिति द्वारा पूरे मार्ग पर भगवान श्री राम के नाम के 200 से अधिक बंदनवार भी लगाए गए हैं। हेलिकॉप्टर से शोभायात्रा पर 11 क्विंटल फूल बरसाए गए। शोभायात्रा के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए। कई जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# नफरती सोच एवं हेट स्पीच पर न्यायालय की सख्ती

राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्ल के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां ह्यहेट स्पीचह्ल को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए ह्यहेट स्पीचह्ल को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता।



कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ल एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने ह्यहेट स्पीचह्ल एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिए गए नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती।

सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए। उस रैली की वीडियो रिकार्डिंग का भी आदेश दिया था। जब जगह-जगह धर्म संसद करके समुदाय विशेष के खिलाफ नफरती और भड़काऊ भाषण दिए गए थे, तब भी अदालत ने सरकार को सख्त लहजे में इस पर काबू पाने को कहा था। मगर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं और नेताओं को शायद ऐसी अदालती आदेशों-निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। खुद सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि टीवी चैनलों पर आए दिन राजनीतिक दलों के प्रवक्ता सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वक्तव्य देते रहते हैं। राजनेताओं से किसी भी ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर बुरा प्रभाव पड़ता है। मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे धर्मों, संप्रदायों, समुदायों के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। निश्चित ही यह विकृत एवं घृणित सोच वोट की राजनीति का हिस्सा बनती जा रही है। जाहिर है, उसमें भाषा की मयार्दा एवं शालीनता का भी ध्यान नहीं रखा जाता। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि अब तो राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा धार्मिक नेता भी अपने प्रवचनों में उत्तेजना और कटुता पैदा करने वाले शब्दों का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। इस प्रवृत्ति पर अविलंब अंकुश लगाने की आवश्यकता है ताकि इस समस्या को नासूर बनने से पहले ही इस पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाया जा सके। उम्मीद है कि विधि आयोग की रिपोर्ट पर केंद्र की ठोस कार्यवाही नहीं करने के बावजूद अब देश की शीर्ष अदालत हेट स्पीच के मुद्दे को लेकर जागरूक होते हुए उचित दिशा-निर्देश दे रही है।

पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी ह्यभारत विरोधी शक्तियांह्ल एकजुट होकर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। भारत के लोगों में सहन करने की अद्भुत शक्ति रही है, लेकिन विदेशी ताकतें एवं देश की विरोधी शक्तियां उन्माद एवं नफरत के बीज बौने के तरह-तरह के षड़यंत्र रचते रहते हैं। सोचने की बात तो यह है कि साम्प्रदायिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले सम्प्रदाय एवं समुदाय खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। तभी सर्वोच्च न्यायालय में इन मामलों की सुनवाई कर रही बेंच की अगुवाई कर रहे जस्टिस जोसेफ ने संयम, सहिष्णुता एवं सौहार्द की उपयोगिता को व्यक्त करते हुए कहा, ह्यसहिष्णुता क्या है? सहिष्णुता का सही अर्थ किसी को बर्दाश्त करना नहीं, बल्कि मतभेदों को स्वीकार करना है।ह्ल जरूरत है कि हमारे समाज में ऐसे मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे।

निश्चित ही राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक स्वार्थों के चलते देश को जोड़ने की बजाय तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं, जो अक्षम्य है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से स्पष्ट है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकारों को संजीदगी दिखाने की जरूरत है। मगर विडंबना है कि ऐसे देश तोडक मामलों को रोकने की जरूरत नहीं समझी गई और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं धर्मगुरु विद्वेष पर भाषण देते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को राजनीतिक दल एवं विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु-धर्मनेता कितनी गंभीरता से लेंगे, यह कहना मुश्किल है। क्या भारत के लोग खुद ही संकल्प नहीं ले सकते कि वे दूसरे नागरिकों और समुदायों का अपमान नहीं करेंगे। आजादी के अमृत-काल में नफरत एवं उन्माद की आंधी को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न धर्मों के बीच एकता, सौहार्द और समन्वय का उद्घोष करना होगा। तभी समूचा भारत नफरती सोच एवं हेट स्पीच के अशोभनीय-परिवेश से मुक्त होगा। तभी विनाश-शक्ति की अपेक्षा जीवन-शक्ति अधिक प्रभावशाली साबित होगी।

# वायु प्रदूषण से आमजन में भय का माहौल

देश में वायु प्रदूषण के विकराल रूप लेने के कारण मानव शरीर को तरह तरह के खतरों की मीडिया रिपोर्ट से आमजन डरा हुआ है। ये खबरे नित्य प्रति समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल जाती है। मीडिया रिपोर्टों का गहराई से अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वायु प्रदूषण ने भारत को अपने पंजे में मजबूती से जकड रखा है। देश की आबोहवा निरंतर जहरीली होती जा रही है। देश इस समय जलवायु परिवर्तन की चपेट में चल रहा है जिसके फलस्वरूप अनचाही बारिश से मौसम में कभी गर्मी और कभी ठण्ड का एहसास देखा जा रहा है। अप्रैल माह ने दस्तक दे दी है मगर मौसम के अजब गजब नजारे देखने को मिल रहे है। इस कारण वायु प्रदूषण का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। हल्की ठंडक के साथ प्रदूषण भी बढ़ने लगा है। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर फेफड़ों पर पड़ता है। एक ताजा सर्वे के मुताबिक यह वायु प्रदूषण हमारे हार्ट के लिए भी खतरनाक है। वायु प्रदूषण हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी कई बीमारियों का जोखिम पैदा कर सकता है। लंबे समय तक वायु प्रदूषण में रहने की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट की बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है। कोरोना ने भी दिन प्रतिदिन लोगों को चपेट में लेना शुरू कर दिया है। ऐसे में कोरोना और वायु प्रदूषण दोनों का खतरा बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण पर एक वैश्विक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दूषित हवा हमारे स्वास्थ्य के लिए न केवल बेहद हानिकारक है अपितु पेट की आंत सम्बन्धी विभिन्न व्याधियों की भी कारक है।एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई है की वायु प्रदूषण के कारण हमारे शरीर की आंत के बैक्टीरिया पर गहरा असर पड़ सकता है जिससे मधुमेह जैसी खतरनाक बीमारी के साथ मोटापा, पेट के आंत के संक्रमण सहित विभिन्न पुरानी बीमारिया बढ़ सकती है। इस रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है की वाहनों से उत्सर्जित होने वाली खतरनाक गैसें जब सूर्य की रोशनी के संपर्क में आती है तो वे बेहद खतरनाक रूप धारण कर लेती है जो हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती है। रिसर्च के अनुसार वायु प्रदुषण मनुष्य की श्वास सम्बन्धी प्रणाली पर तो असर डालती है ही



साथ ही हमारी आँतों को भी क्षतग्रस्त करती है। विशेषरूप से पेट सम्बन्धी बीमारिया बढ़ जाती है। हमारे पेट में बसने वाले जीवाणु और कीटाणु का हमारी सेहत से गहरा ताल्लुक है। इन असंख्य जीवों का हमारे शरीर की सेहत पर अच्छा और बुरा दोनों तरह का असर पड़ता है। इन्हें अंग्रेजी में माइक्रोबायोम कहते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक हमारे आस-पास की आबोहवा पर असर इन पर पड़ता है। वायु प्रदूषण इनमें से एक है। वायु प्रदूषण के लिए कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और धूल, परागण, धुआं वगैरह जिम्मेदार होते हैं। ऐसे प्रदूषण से न सिर्फ बीमारियां हो रही हैं, बल्कि लोगों की मौत भी हो रही है। वायु प्रदूषण का खतरा अब घर घर मंडराने लगा है। देश और विदेशों की विभिन्न ग्लोबल एजेंसियों द्वारा वायु प्रदूषण के खतरे से बार बार आगाह करने के बावजूद न सरकार चेती है और न ही नागरिक। लगता है लोगों ने इस जान लेवा खतरे को गैर जरूरी मान लिया है। वैश्विक स्तर पर हवा की गुणवत्ता के बारे में सूचना देने वाली टेक कंपनी आइक्यू के शोधकताओं ने अपने ग्राउंड मॉनीटरिंग स्टेशनों से आंकड़े एकत्रित किए हैं। यह पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण पदार्थ के स्तर को मापता है।इसमें वे सूक्ष्म कण आते हैं जो कि 2.5 माइक्रोमीटर से छोटे होते हैं। इन्हें विशेष रूप से हानिकारक माना जाता है क्योंकि वे फेफड़ों और हृदय प्रणाली की गहराई में प्रवेश करने के लिए काफी छोटे होते हैं। पीएम 2.5 में सल्फेट, नाइट्रेट और ब्लैक कार्बन जैसे प्रदूषक शामिल हैं। इस तरह के कण आसानी से पहुंचकर के फेफड़ों और हृदय की परेशानियों को बढ़ा सकते हैं। बताया जाता है उद्योगों, घरों, कारों और ट्रकों से वायु प्रदूषकों के खतरनाक कण निकलते हैं, जिनसे अनेक बीमारियां होती हैं. इन सभी प्रदूषकों में से सूक्ष्म प्रदूषक कण मानव स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालते हैं। ज्यादातर सूक्ष्म प्रदूषक कण,चलते वाहनों जैसे रोजमर्रा के इस्तेमाल किए जाने वाले स्रोतों और बिजली उपकरणों, उद्योग, घरों, कृषि जैसे स्रोतों में ईंधन जलाने से निकलते हैं। हवा में मौजूद ये सूक्ष्म कण हमारे सांस लेने के दौरान बिना किसी रुकावट के सांसों के नलियों के रास्ते फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। इससे मनुष्य को कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती है। महानगरों में वायु प्रदूषण अधिक फैला है। वहां चौबीसों घंटे कल-कारखानों और वाहनों का विषैला धुआं इस तरह फैल गया है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है। यह समस्या वहां अधिक होती हैं जहां सघन आबादी होती है और वृक्षों का अभाव होता है।

# वेदांता के मालिक के नाम होगा तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

जयपुर. जयपुर में बनने वाले दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए लिए वेदांता ग्रुप ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 300 करोड़ रुपए दिए हैं। इसके बाद अब जयपुर में बनने वाले स्टेडियम का नाम अनिल अग्रवाल क्रिकेट स्टेडियम रखा जाएगा। गुरुवार को वेदांता ग्रुप और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच स्टेडियम निर्माण को लेकर एमओयू साइन हुआ। इसके तहत स्टेडियम के फर्स्ट फेज का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आज राजस्थान के खेल प्रेमियों का एक सपना पूरा होने जा रहा है। फर्स्ट फेज के निर्माण के लिए गुरुवार को एमओयू हो गया है। इसका



निर्माण कार्य जारी है। मुझे उम्मीद है कि वेदांता समूह सेकेंड फेज के लिए भी हमें आर्थिक मदद करेगा। बता दें कि जयपुर में 75 हजार दर्शक क्षमता वाला यह स्टेडियम मोटेरा और मेलबर्न के बाद दुनिया का तीसरा और भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम होगा। स्टेडियम के फर्स्ट फेज के निर्माण में 40 हजार और दूसरे चरण में 35 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता विकसित होगी। स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 75 हजार होगी। स्टेडियम के फर्स्ट फेज के निर्माण की अनुमानित लागत 400 करोड़ रुपए है। वहीं क्रिकेट स्टेडियम के लिए बीसीसीआई से आरसीए को 100 करोड़ रुपए अनुदान देगी। पूरे स्टेडियम की लागत 650 करोड़ रुपए है।

## विद्युत विभाग के संविदा कार्मिको ने विधायक को ज्ञापन सौंप प्लेसमेंट एजेंसी से भर्ती करने की मांग

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर । राजस्थान ठेका मजदूर संघ शाखा कठूमर के विद्युत विभाग में ठेका पर लगे संविदा कर्मी को लेने की प्रथा को मुख्यमंत्री के द्वारा समाप्त करते हुए रेक्सको की तर्ज पर सरकारी कंपनी के गठन की घोषणा की गई थी उसकी पालना में नगर प्रभारी देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को विधायक बाबूलाल बैरवा को ज्ञापन दिया।नगर प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 1 जनवरी 2021 से पहले कार्यरत ठेका कार्मिकों को नवगठित सरकारी कंपनी के माध्यम से आवश्यकता अनुसार सीधे ही लिया जाकर बिना किसी कटौती के पूर्ण कार्मिकों को पूर्ण लाभ मिलता रहे। तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा जल्दी से घरातल पर लागू करने की बात कही जिससे संविदा कर्मी को लाभ मिल सके। वही विधायक बाबूलाल बैरवा ने ज्ञापन पत्र पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से विद्युत विभाग में ठेके पर लगे संविदा कार्मिकों का प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा भर्ती की जाने के आदेश जारी करने के लिए पत्र लिखा गया। इस मौके पर नगर प्रभारी देवेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, मुकेश मीणा, राजेश कुमार मीणा , हेमराज मीणा ,संजय कुमार मीणा, तोताराम, महेश सैनी, लोकेश सैनी ,जवाहर सिंह यादव , सोमेश्वर मीणा, अमर सिंह मीणा, मिठ्ठनलाल पाराशर मोहरसिंह आदि मौजूद रहे

## हर कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी की आवाज है, अनीश सहसन

**मरुधर विशेष/ हरीश कुमार जुरहेरा**




कामा - कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने पर कामा उपखंड के गांव से सहसन निवासी युवा कांग्रेसी नेता अनीश सहसन निवासी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र बेहद कमजोर स्थिति में पहुंच गया है यह सीधे लोकतंत्र की हत्या है। देश को लूटने वाले सुरक्षित व संरक्षित है जबकि उनके खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी को डराने की कोशिश केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। सरकार को चाहिए था कि वह देश को लूटने के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करती लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह आवाज उठाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक द्वेप के साथ सरकार काम कर रही है लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे। और अनीश सहसन ने ये भी कहा कि आज हर कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी की आवाज है हम उनकी आवाज को दबने नहीं देंगे उन्होंने कहा कि जानबूझकर कांग्रेस नेता के साथ भाजपा द्वारा ऐसा किया जा रहा है आज भाजपा राज में संवैधानिक संस्थाएं कमजोर हो गई है और ऐसा साफ प्रतीत होता है कि सत्ता पक्ष उन पर अधिक हावी हो चुका है। शायद देश अब तानाशाही के रास्ते पर चलने की कोशिश कर रहा है लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ता अब इस लड़ाई को निर्णायक दिशा में देश की जनता के साथ मिलकर लेकर जाएंगे। ताकि लोकतंत्र सुरक्षित रहे सके एक व्यक्ति जिसने अपने प्रधानमंत्री पिता व दादी को देश के लिए शहीद होते देखा हो उन्हें सिर्फ इस बात के लिए जेल भेज दिया जा रहा है कि उन्होंने देश लूटने वाले नीरव मोदी, अदानी,ललित मोदी, मेहुल चौकसी, जैसे लोगों के खिलाफ जनहित में आवाज उठाई हो लेकिन अब आवाज उठाते रहेंगे इसके लिए देश के लोगों को भी जागृत होने की जरूरत है।

## नवरात्रों में एक शाम मां के नाम, मां का किया गुणगान,पाई प्रसादी

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



खैरथल 30 मार्च। सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इंद्रा हैप्पी स्कूल में स्थित विश्व शांति मंदिर में महा अष्टमी के पर्व पर एक शाम मां के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। संस्था निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्थित विश्व शांति मंदिर में महा अष्टमीके पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने माता का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन मधुर स्वर में गाए व ऐसा समा बांधा कि चारो ओर जय माता दी नारों की गूंज सुनाई देने लगी। भजन संध्या में विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इंद्रा पाल खुराना ने भी मधुर स्वर में भजन गाए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ ज्योति खुराना । साथ में पारुल तिवाड़ी मंजू गुप्ता नीतू शर्मा निशा मंगलानी मोना सिमरन निकिता पूजा वीरा वेरनिका अनु रजनी गार्वी आदि ने भी माता के भजन गाकर समा बांधा। भजन संध्या के पश्चात भोग लगाकर मां दुर्गा की आरती की गई। विद्यालय निदेशक पंकज खुराना ने सभी माता के भकतों को प्रसाद देकर अनुग्रहित किया।

## पहाड़ों वाली माता मंदिर पर हवन के बाद लगा विशाल आम भंडारा, भक्तों का उमड़ा सैलाब

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



खैरथल 30 मार्च। पहाड़ों वाली माता मंदिर में नवरात्रों के नवें दिन सुबह हवन यज्ञ के बाद विशाल आम भंडारा का आयोजन किया गया। हनुमान पहाड़ी पर माता मंदिर में चल रहे 9 दिन के नवरात्रों के उपलक्ष में रामनवमी पर आयोजित आम भंडारा के प्रमुख सेवादार घनश्याम भारती ने बताया कि देशभर में देव नगरी के नाम से प्रसिद्ध खैरथल कस्बे के हनुमान पहाड़ी पर स्थित माता मंदिर पर आम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दिन भर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर माता मंदिर व रामदरबार में शीश नवा कर मन्नतें मांगी। सुबह हवन-यज्ञ में आहुतियां दी गई। 12 बजे पूजा अर्चना करने के बाद कन्याओं को भोजन करा वंदन किया गया।माता मंदिर के पुजारी हरिहर दास महंत माया शंकर, इंदर घनश्याम , गोपाल नेता,धर्मदास ,ठाकुरदास, रूपचंद, राहुल कुंदनी,सीतादेवी रजनी कोर रानी गजवानी राजकुमारी हेमा पूनम गोरी न्यूना आदि लोगों ने अपनी सेवाएं दी।उधर रामनवमी पर शहर में जगह-जगह पर हाथ प्रसादी भंडारे लगाए गए वहीं घर घर में माता के नवरात्रों की स्थापना के नवें दिन माता की शक्तिस्वरुपा कन्याओं को वंदन उपरांत भोजन कराया गया व उपयोगी सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया।

## चैतन्य देवियो की झांकियो के दर्शन कर बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



खैरथल 30 मार्च। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के खैरथल सेवा केंद्र द्वारा अपने नवनिर्मित शाखा हनुमान पहाड़ी रोड पर स्थित ब्रह्मकुमारी पाठशाला में नवरात्रि के पावन पर्व पर चैतन्य देवियों की झांकियों का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के खैरथल सेवा केंद्र प्रभारी गोरी दीदी ने बताया कि पाठशाला में विशेष साज सज्जा कर सजाई गई इन जीवंत झांकियों के माध्यम से सभी भक्तों को शिव शक्तियों के दर्शन कराने के साथ स्वयं के भीतर समाई हुई शक्तियो को उजागर करने के लिए राजयोग का अभ्यास कराया गया। सैकड़ों लोगों ने झांकियों का दर्शन किया और आत्मज्योति जगा कर स्वयं भी शक्ति रूप बन सर्व बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के स्वरूप में चेतन्य में राजयोग का अभ्यास करने वाली कन्याएं मूर्त रूप में बैठी हुई थी जिस पर सभी ने विशेष आश्चर्य जताया एवं इन कन्याओं की सराहना की। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से अपने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद माता की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों लोगों ने बड़े उत्साह के साथ माता की महाआरती कर मनोकामनाए पूर्ण होने की कामना की।

# काली माता का द्वितीय जागरण रात्रि को व भंडारा आयोजित हुआ माता के मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



नीमराणा।कस्बा में महावर धर्मशाला के पास स्थित काली माता मंदिर पर बुधवार को माता का वार्षिक द्वितीय जागरण रात्रि जागरण व भंडारा हुआ। माता की भक्ति करने महिला पुरुष भक्त प्रातः काल से ही उमड़ते मंदिर पंहुच कर माता के दर्शन कर ज्योत जला प्रशाद चढ़ा अपने व परिवार तथा बच्चो की सुख समृद्धि की कामनाएं करते मनोतिया मांगी।विशेष पूजा के तहत परंपरागत विधि का अनुसरण करते बुजुर्ग महिलाओं ने माता के प्रसाद भोग लगाया। रात्रि को वीणा म्यूजिशियन एंड बिब्लू पार्टी के भजन गायक कलाकारों मोनू प्रजापत ने गणेश वंदना के द्वारा₹ गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी है आओ बेगा चाव दरस को भारी है ₹से जागरण शुभारंभ किया। राखी भवानी शर्मा पंजाब ने ₹जो मैया के गुण गाता है जीवन में बड़ा सुख पाता है राजाराम ने₹ हे बालक सु नादान माफ मेरी भूल करिये री श्रद्धा के दो फूल मेरे कुबूल करिये री₹ कैलाश बड़सीवाल ने₹आजा माई आजा ओ शेरावाली री₹ हरिओम जांगिड़ ने झूठी दुनिया से मन को हटा ले ध्यान मैया जी के चरणों में लगाले₹ भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथियो के रूप में नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि रिंकु खंडेलवाल, समाजसेवी अशोक बड़सीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में दामोदर शर्मा, ठाकुर अमर सिंह ठाकुर सूरत सिंह चौहान, पंडित महावीर शर्मा, कर्मपाल सिंह चौहान, बलवंत सोनी,हरिओम जांगिड़, सुरेंद्र चौहान, चितर सिंह चौहान, गुप्ता, समाजसेवी बिट्टू ठेकेदार के प्रवीण सासेडी सेल्समैन,शोशल वर्कर अजीत जोशी, युवा नेता रिंकू बड़सीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता भवानी सिंह योगी आदि ने भाग लिया। मनमोहक झांकी मयंक-मोहित कलाकारों के द्वारा राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती,कृष्ण -सुदामा, हनुमान जी महाराज,काली माता की झांकी से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काली माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह चौहान ने की। मंच का संचालन एडवोकेट बृजेश पंडित ने किया। अतिथियों का फूल माला माता का दरबार भेंट पुजारी सतवीर महाराज,मुकेश भार्गव, चंद्र मोहन भार्गव के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। काली माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष मुकेश भार्गव, सचिव चंद्र मोहन भार्गव, रिंकू प्रजापत, मनजीत, रोहिताश प्रजापत, फल्लू सिसोदिया,मुन्नी लाल, मोहनलाल,लक्ष्मण फौजी, जय वीर चौहान,शिखा चौहान,राहुल राजपूत, सोमपाल प्रजापत, सोनू जांगिड़, पवन कुमार वीर सिंह ईटकान, रामकिशन सोनी, डॉ सत्यनारायण वर्मा, ग्रामीण व महिलाएं ने सहयोग किया।

# राम जन्मोत्सव पर निकली 11 हजार कलश शोभायात्रा, श्रीराम के जयघोष से गूंजा कस्बा कामां

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**



कामां- गुरुवार को कामा कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया मंदिर देवालयों में राम जन्म के उपरांत अभिषेक व आरती के कार्यक्रम संपन्न हुए वहीं दूसरी ओर दोपहर बाद कामां कस्बे में विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें रंग-बिरंगे परिधानों में सजी 11 हजार महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई आठ अलग-अलग स्थानों से शुरू हुई कलश शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा भगवा रंग मे रंगा नजर आया और श्रीराम के जयघोष से गूंज उठो श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा के संयोजक व बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख रामेश्वर गुर्जर कलावटा शिव नारायण कनवाडा ने बताया कि शोभायात्रा में 11 हजार महिलाओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया था शोभा यात्रा की तैयारियों में लगी टीम के अथक प्रयासों से कामां क्षेत्र के दूरदराज के गांवों व कस्बों से 11 हजार महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं शोभायात्रा में शामिल रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर जय श्रीराम का जयघोष करते हुए चल रही थी रामेश्वर गुर्जर कलावटा ने बताया कि 11 हजार महिलाओं की संख्या को देखते हुए शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए बनाई गई रणनीति के तहत आठ अलग-अलग स्थानों से शोभायात्राऐं शुरू की गई जिनमें से दो शोभा यात्राएं सीधे ही नगरपालिका पहुंची शेष छह शोभा यात्राएं अलग-अलग स्थानों से प्रारंभ होकर कोसी चौराहे पर एकत्रित होकर नगरपालिका पहुंची जहां से सभी एक साथ श्रीराम का जयघोष करते हुए सदर बाजार लाल दरवाजा अग्रवाल धर्मशाला होते हुए बड़े राम जी मंदिर पर पहुंची जहां शोभायात्रा संपन्न हुई और कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को प्रसाद वितरित किया गयो शोभा यात्रा संयोजक रामेश्वर गुर्जर कलावटा ने बताया कि कामा कस्बे के बस स्टैंड के सामने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती, पूर्व विधायक शमशुल हसन, भाजपा के कद्दावर नेता अली हुसैन व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं गयाकुंड से पूर्व पालिका उपाध्यक्ष निहाल मीणा के नेतृत्व में शोभायात्रा प्रारंभ हुई वही कोसी रोड होटल सिंघल मेन्शन से पूर्व पार्षद मनोज सिंघल के नेतृत्व में बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा शुरू हुई शोभा यात्रा का कोसी चौराहे पर पंडित अनिल अवस्थी द्वारा पुष्प वर्षा व आतिशबाजी का स्वागत किया गया वहीं कोसी रोड पर पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र शर्मा , पंडित हरिप्रसाद शर्मा , समाजसेवी टेकचंद शर्मा द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया मंडी बाजार में पूर्व पार्षद प्रदीप हुए व सदर बाजार में पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंह की ओर से पूर्व पार्षद मनोज सिंघल द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गयो

# भगवा रंग में रंगा खैरथल, रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली विशाल रैली

### श्रीमद् बेनामी जगद्गुरु स्वामी बालका देवाचार्य जी महाराज ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया, जगह जगह हुआ स्वागत

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



खैरथल 30 मार्च। रामनवमी के उपलक्ष में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा विशाल भगवा रैली निकाली गई। रैली को शक्ति स्थल रैणागिर आश्रम के श्रीमद् बेनामी जगद्गुरु स्वामी बालका देवाचार्य जी महाराज द्वारा राम जी की झांकी का पूजन कर झंडी दिखाकर विशाल भगवा रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर खैरथल व्यापार समिति अध्यक्ष अशोक डाटा, सतीश यादव,प्रांत सह प्रमुख योगेश गोयल, प्रहलाद छंगाणी, योगेश गुप्ता( योगी), नवीन अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, राकेश शर्मा (राजू पंडित),राजीव चौधरी, जय किशन (जैकी) मनीष शर्मा,दिनेश सिंह, शेरसिंह योगी, अतेंद्र सिंह, विक्रम सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद रहे। नई अनाज मंडी गेट सिनेमा होल कैंपस से प्रारंभ हुई भगवा रैली का मार्ग में जगह जगह विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत कर पुष्प पंखड़ियों की बौछार की गई। भगवा रैली अंबेडकर चौराहा, सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल, रेलवे अंडरपास, स्वामी टेऊराम चौक, स्वामी ध्यानगिरी मार्ग, किशनगढ़ रोड, रेलवे फाटक 40 फुटा रोड, हेमू कालानी चौक होती हुई मेन बाजार,मातौर रोड,सिंधी बाजार,पुरानी अनाज मंडी, विजय इंडस्ट्रीज से होती हुई वापस नई अनाज मंडी गेट पर समापन किया गया। रथ में सवार होकर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों की अगुवाई में भगवा रैली में कस्बे सहित आसपास के गांव के सैकड़ों लोग भी शामिल रहे। जिसमें ऊट पर सवार माता की सवारी मुख्य आकर्षण रही। डीजे की धुन पर भगवाधारी नाचते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए चले। इस दौरान पूरा खैरथल भगवा रंग में रंगा दिखाई दिया । भगवा रैली को सुव्यवस्थित रूप से निकालने व सुरक्षा के लिए खैरथल थाना अधिकारी अंकेश कुमार के नेतृत्व में व्यापक पुलिस बल तैनात किया गया। रैली का मार्ग में स्वागत करने वालों में स्वामी लीला शाह धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष वासदेव दासवानी,योगेश गुप्ता, जेबी मंघाराम, गुड्डू शर्मा,जय बजरंग टोबेको स्टोर जयकृषण, राजकुमार मंगलानी,पटवारी हरीश गुरनानी,पदम टंडन,विजय कौशलानी, मनीष गुरनानी राजकुमार मंगलानी तुलसी प्रदनानी, जितेंद्र मौसी हीरालाल, गुलाब मंगलानी,विजय, सौरभ, संजय,गुड्डू शर्मा उधबदास, ईश्वरदास बनवारी लाल, पूजा ,अजय, हरिकिशन, शिवचरण खंडेलवाल ,सुभाष शर्मा,तेजपाल शर्मा एवं सभी मेन मार्केट के व्यापारियों ने भगवा रैली पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

# बानसूर में ब्लॉक स्तरीय लाभार्थी उत्सव आयोजित

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**




बानसूर - राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निदेर्शानुसार बानसूर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से लाभार्थियों को दिखाया गया । इस दौरान मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की लाभार्थियों को जानकारी दी । इस दौरान मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा 3 नए संभाग व 19 नये जिले के बनाए जाने पर कहा कि इससे प्रदेश में प्रशासनिक विकेन्द्रीयकरण होगा और लोगों को प्रशासनिक कार्यों में सरलता मिलेगी। इस दौरान सीएम गहलोत के कार्यकाल में लागू की गई फ्लैगशिप योजनाओं को वीडियो क्लीपिंग व लघु फिल्म के माध्यम से लाभार्थियों को दिखाया गया । वहीं लाभार्थियों व आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि लाभार्थी उत्सव का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के प्रत्येक गांव ढाणी व राज्य के प्रत्येक परिवार व आमजन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। बानसूर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय लाभार्थी उत्सव में भारी संख्या में लाभार्थी व आमजन ने भाग लेकर राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ब्लॉक स्तर के सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाई गई जिसमें लाभार्थियों ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ली। लाभार्थी उत्सव के दौरान एसडीएम राहुल सैनी ने बताया कि ब्लॉक में 50 हजार पेशंनर और? 4500 बच्चे पालनहार योजना से जुड़े है। इसके साथ ही 240 कन्यादान योजना के आवेदन प्राप्त हुए है व 40 स्वरोजगार योजना के लाभार्थी राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, प्रधान सुमन सुभाष यादव, नगरपालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन, खण्ड विकास अधिकारी रामजीलाल मीणा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व लाभार्थी मौजूद रहें।

## मंदिर के पट खुलते ही श्रीराम के लगे जयकारे

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ़ः नगर के गांधी मार्ग स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में गुरूवार को सुबह अष्टमी पूजन के बाद चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर शहर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर 12 बजे श्रीराम मंदिर में शंख, घंटे,घडियाल की मंगल ध्वनि के बीच भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही मंदिरों में भगवान श्रीराम का पंचामृत अभिषेक पूजन के पश्चात भगवान की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी विकास शर्मा ने बताया कि सुबह भगवान का पूजन-अभिषेक के बाद श्रृंगार किया गया। भगवान के जन्मोत्सव पर दोपहर में भगवान की आरती की गई। और आतिशबाजी मंदिर के बाहर की गई मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।और उसके बाद प्रसादी वितरण भी हुआ। कुशलगढ़ निवासी गिरधर त्रिवेदी मध्यप्रदेश के देवास से परिवार सहित कुशलगढ़ पहुंचे और रामजी मंदिर मैं उन्होंने ध्वजा चढ़ाई और मंदिर को पूरा सजाया गया। प्रसादी और भंडारे का आयोजन गिरधर त्रिवेदी परिवार की ओर से किया गया। अखंड सनातन मंडल द्वारा सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन शुरू किया गया। भजनों पर महिलाओं पुरुष बड़ी संख्या में नाचते गाते रहे। आज राम मंदिर में भगवान के जन्म उत्सव पर जनसैलाब उमड़ा महिला पुरुष सविनय राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

## राजस्थान दिवस एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर विधायक रमिला खड़िया ने विद्यालय की चारदीवारी निर्माण हेतु भूमि पूजन किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढ़ः आज दिनांक 30 मार्च 2023 को राजस्थान दिवस एवं रामनवमी के शुभ अवसर पर विद्यालय की चारदीवारी निर्माण हेतु भूमि पूजन स्थानीय विधायक एवं उपाध्यक्ष जनजाति आयोग-राजस्थान सरकार श्रीमती रमिला जी हुरतिंग खड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं श्री कैलाश पटेल सरपंच मुंदड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में भूमि पूजन का पुनीत कार्य पंडित पवन कुमार शर्मा द्वारा संपादित किया गया। कार्यक्रम में शहजाद भाई पाटी, प्रधानाचार्य भीमजी सुरावत, अजय निगम, लाल सिंह मईड़ा, योगेश दोसी, राजेश सोनी, राजेश कटारा, दीपक चरपोटा, समस्त स्टाफ एवं नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भगवा रंग में रंगा पेहल भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम के नारे लगाए

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर।समीपवर्ती गांव पेहल में रामनवमी के पावन पर्व पर भगवा रैली और शोभा यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा गरीब दास जी मंदिर से रैणागिरी धाम के स्वामी बालकादेवाचार्य महाराज के सानिध्य में विशाल भगवा तिरंगा रैली निकाली गई।पेहल कस्बे के मुख्य मार्गो से जब भगवा रैली निकली तो पूरा पेहल भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया। ऐसा पहली बार हुआ है तथा इस पहली बार के नजारे को देखकर लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम के नारे लगाए। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं बजरंग सिंह,नरेंद्र शर्मा, पुरण रोहिल्ला, राजपाल,मुकेश,जस्ससिंह ज्योति,शेरसिंह,आदि लोगों स्वामी बालकादेवाचार्य महाराज पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।भगवा रैली में बच्चों व युवाओं ने भी अपने सर पर केसरिया साफा व हाथ मैं केसरिया निशान लेकर यात्रा में शामिल रहे और भगवान श्री राम के जयकारे लगाए,रैली में मुंडावर पुलिस थाने का जाब्ता मौजूद रहा।

## पटवारी विश्वेंद्र लेखी ने वीडियो परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान किया प्राप्त

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर। कस्बा निवासी वर्तमान में सेटलमेंट कार्यालय शाखा अलवर में कार्यरत पटवारी विश्वेन्द्र लेखी पुत्र खैमचंद लेखी ने ग्राम सेवक भर्ती परीक्षा में भाग लिया था। बुधवार शाम जारी परीक्षा परिणाम में पटवारी विश्वेन्द्र लेखी ने पूरे जिले में एससी कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया और राजस्थान में 657 रैंक प्राप्त हुई। विश्वेन्द्र लेखी के पिता खैमचंद राशन डीलर है। जबकि मां गृहणी है। और छोटा भाई सीएचओ पद पर टिटपुरी में कार्यरत है।

## कठूमर में ब्लॉक स्तर का लाभार्थी उत्सव हुआ आयोजित

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। पंचायत समिति परिसर कठूमर में गुरुवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देश अनुसार ब्लॉक स्तर पर लाभार्थी उत्सव आयोजित किया गया । वही उत्सव के दौरान विभिन्न योजनाओं में लगभग पांच सौ लाभान्वित लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव कार्यक्रम में साझा कर राज्य सरकार और उपखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। साथ ही तीन दिव्यांगों को स्कूटी के कागजात व स्कूटी सौंपी गई । उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से आमजन तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाने व अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करवाने की अपील की। इस मौके पर अवधेश बैरवा उपाध्यक्ष अनुसूचित आयोग, उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर ,विकास अधिकारी यशवंत शर्मा ,तहसीलदार राजेश मीणा ,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश जैन, कठूमर सरपंच शेरसिंह मीना, कालवाडी सरपंच रमेश मीना, रिमांशु शर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रवि राज वर्मा, जगराम वैध , सीडीपीओ सावित्री अरोड़ा, विशंभर सरपंच मानसिंह सरपंच, सुरजन सरपंच, हरभजन ठेकेदार,हितेश गोयल सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## ठेकड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में 7 लोग हुए घायल

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर। उपखंड क्षेत्र के गांव ठेकड़ी में 29 मार्च बुधवार रात्रि 8:30 बजे के करीब ग्राम रूपबास ठेकेडी के दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में खूनी संघर्ष में हो गया जिसमें घायलों को बहतुकला थाना पुलिस ने कठूमर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।बहतुकला थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल नरपत सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी हनुमान सहाय सीएचसी कठूमर पहुंचकर घायलों से पूछताछ की तथा ज्यादा घायलों को डॉ हेमंत वर्मा ने अलवर के लिए रेफर किया। जिसमें एक पक्ष के चतर सिंह, समंदर सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र किशन जाति गुर्जर निवासी ठेकडी एवं दूसरी पक्ष की तरफ से माया देवी, रामनिवास, सत्ता, शिवराम जाति यादव निवासी ठेकडी रूपबास में कोई रिश्तेदार के प्लॉट को लेकर कहासुनी फोन पर गंदी गंदी गालियां देने के विवाद को लेकर दोनों पक्षो में झगड़ा बढ़ गया जिसमें सभी को सीएचसी कठूमर ले जाकर भर्ती कराया। जहां सीएचसी कठूमर प्रभारी ने सभी को रेफर अलवर किया गया जिनमें महेंद्र की हालत बहुत नाजुक बताई गई।

## कविता_ माँ_ कांता मीणा

माँ ने सिखाया ही नहीं था,डरना।
बस चुप रहकर अपने घावों को मरहम
बन कर खुद ही तो था,भरना।
शिकायत की ही नहीं कभी अपनों से,
वो तो कह देती थी। इसे नीति का कर्मा,
कहती थी मंजिल तुम्हारी है।
तो सफर भी तुम्हीं तय करना,
भाप कर आने वाली बाधाओं को,
मेरे बच्चों अपनी राहें तुम ही तय करना ।
कौन है,अपना कौन पराया जीवन के संघर्ष में,
जिसे तुमने अपने साथ खड़ा जो पाया,
वो ही साथ चलेगा बनके तुम्हारा हमसाया।
माँ ने सिखाया ही नहीं था,डरना।
बस चुप रहकर अपने घावों को मरहम
बन कर खुद ही तो था,भरना।

## राम नवमी तिथि पर श्रीरामचरितमानस पाठ हुआ संपन्न

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली विकास खंड डीह प्राथमिक विद्यालय मझिलहा में स्थित हनुमान जी के मंदिर में राम अष्टमी तिथि पर विधि विधान के साथ श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था जो राम नवमी की पावन तिथि पर संपन्न हुआ प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हनुमान जी के मंदिर पर श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया जिसके बाद पंडित श्री नागेंद्र द्विवेदी के द्वारा राम नवमी की तिथि पर विधि विधान से हवन कराया गया और इस मौके पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया तथा काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर देवानंद शुक्ला, आनंद ओझा, शुभम ओझा , अनुराग ओझा, अंशू चौरसिया व काफी संख्या में ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित रहे !



## उत्तम दास जी महाराज के मंदिर पर विशाल मेला आयोजित

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के निकटवर्ती गांव रामनगर में श्री उत्तम दास जी महाराज के मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। उत्तम दास जी महाराज की आसपास के क्षेत्र में बड़ी मान्यता हैं। मेले में बड़ों ने, बच्चों ने एवं महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेला कमेटी के द्वारा अशोक दास जी महाराज के आशीर्वाद से अंतिम कामडे की कुश्ती ?11000 की हुई। कामड़े की कुश्ती अंकित पहलवान बासड़ा और कृष्ण पहलवान महेंद्रगढ़ के मध्य हुई जिसमें अंकित पहलवान बासड़ा विजयी रहा। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, संजय सोनी, सुनील शर्मा, मनोज शर्मा, सुंदर यादव, अनिल यादव, भूपसिंह यादव सहित क्षेत्र के लोग शामिल रहे।



## तिजारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा सैनी आदर्श विवाह समिति तिजारा की ओर से जैन फार्म हाउस में प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया बारात निकासी डीजे बैंड बाजे व हरियाणा लोक कलाकारों से भरपूर सैनी माध्यमिक विद्यालय तिजारा से प्रारंभ होकर शिव मंदिर में पावर हाउस चौराहा होते हुए विवाह स्थल पहुंची जिसमें बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया जिसमें 6 जोड़ों ने दांपत्य सूत्र मैं बंध कर नए जीवन की शुरूआत की लोगों ने अंगूठी हाथ की घड़ी लेडीस बैग ट्रॉली बैग पौधे आदि दिए। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया सैनी सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी दिल्ली से श्रीपाल सैनी कृष्ण सैनी जय भगवान सैनी प्रकाश सैनी एमएस सुरेश सैनी अनिल सैनी राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के संयोजक पीसी सैनी अलवर सैनी सभा अध्यक्ष पूरण सैनी सचिव लक्ष्मण खूराडिया पदम सैनी सुरेश सैनी जितेंद्र खुराडिया हरसोली से चंद सैनी कोटपूतली से राकेश सैनी बहरोड़ से पवन सैनी खैरथल से किशोरी लाल सैनी रामपुर से हजारी लाल सैनी कोटकासिम से रामबाग सैनी राजगढ़ से सर्वेश सैनी किशनगढ़ गंज से मंकू राम सैनी कोटकासिम भिवाड़ी नौगांवा वे नारनौल से समाज के प्रधान वह समाज बंधु सम्मेलन में मौजूद रहे जिसमें समाज की ओर से माला व साफा स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का सम्मान किया इस अवसर पर प्रधान कृष्ण सैनी समिति अध्यक्ष नाथूराम सैनी ,शिवचरण सैनी ,एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी, इंदर सिंह दहिया ,सुभाष चंद सैनी ,रामनिवास सैनी फूल सिंह सैनी ,सोमदत्त सैनी ,हनुमान प्रसाद सैनी ,रामकिशोर सैनी, पप्पू आडती सुरेश चंद सैनी ,सतपाल सैनी, मान सिंह सैनी, निर्मला देवी, अनुराग सैनी समाज अतिथियों का स्वागत किया।



## रामनवमी पर बैकुंठपुर में निकली भव्य शोभायात्रा ...

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया/ चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर कोरिया सर्वविकास समिति एवं सनातन गौरव मंच के आह्वान पर सर्व हिन्दू समाज के द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में जिले के विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्रों से हिन्दू समाज के लोग महिलाएं, युवा, बच्चे व गणमान्य जन हजारों की संख्या में यात्रा में मौजूद रहे। सायं 04 बजे से ही लोग प्रेमाबाग परिसर में इकट्ठा होने लगे थे। शोभायात्रा लगभग 6 बजे प्रेमाबाग से प्रारम्भ होकर बसस्टैंड होते हुए घड़ी चौक पहुँची। मार्ग में भव्य आतिशबाजी के साथ शहर के नागरिक शोभायात्रा का स्वागत कर रहे थे।सर्वप्रथम प्रहलाद किराना संचालक प्रहलाद गुप्ता एवम जुगनू गुप्ता ने फलाहार के साथ स्वागत किया बस स्टैंड में भारत मोबाइल संचालक फैज अहमद ने पानी पिलाकर स्वागत किया घड़ी चौक में व्यवसायी सुदीप अग्रवाल एवं उनके मित्रों ने श्रीराम जी की झांकी का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को शीतल पेय जल पिलाया, स्कूल पारा आशीर्वाद एवम महामाया प्रोविजन ने श्रद्धालुओं को पेय जल पिलाया ,शोभायात्रा रामानुज स्कूल तक पहुँची इसके बाद भारी संख्या में रामभक्तों के साथ घड़ी चौक पहुँची जहां पर आकर्षक झांकी,रामदरबार और तांडव नृत्य की अनोखी प्रस्तुति हुई।समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने जिले व नगरवासियों के इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए और आयोजन में सहयोग के लिए समिति की ओर से आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही हमारे देश की महान धरोहर है जिसकी ज्योति समूचे विश्व को मानवता और आदर्श के मार्ग की ओर प्रशस्त कर रही है।डीजे साउंड वालों का हुआ सम्मान- कोरिया सर्वविकास समिति के सचिव विवेक गुप्ता ने बताया कि इस शोभायात्रा में अपने स्वयं के व्यय से डीजे की व्यवस्था देने वाले अपना साउंड के सोनू चिकंजुरी, साहू साउंड, भगत साउंड और सूर्या साउंड और बजरंग साउंड के योगदान की लोगों ने जमकर सराहना की। समिति के संरक्षक देवेंद्र तिवारी ने स्मृतिचिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।बैनर फ्लैक्स प्रचार प्रसार व्यवस्था नासिर खान ने सम्हाली भव्य आतिशबाजी शुभांक गुप्ता बाबू शानू खान के द्वारा पुष्पवर्षा एवम झांकी साज सज्जा की गई ,राजू गुप्ता के द्वारा टेंट एवम मंच व्यवस्था सम्हाली गई , कार्यक्रम को सफल बनाने में कोरिया सर्वविकास समिति के सभी पदाधिकारियों का सक्रिय योगदान रहा।



# हमारी संस्कृति और सदाचार की जब भी बात होती है तो श्री राम का नाम लिया जाता है: लक्ष्मी सिन्हा

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



बिहार (पटना) :- राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव सह प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला प्रकोष्ठ श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा गुरुवार पटना भर पोखर स्थित बिरला मंदिर में पूजा अर्चना कर लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्कृति और सदाचार की जब भी बात होती है तो श्री राम का नाम लीय जात है, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान विष्णु के अवतार हैं। भगवान विष्णु के अवतार लेने के कारणों में भक्तों के मन में आए विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान के प्रीति पा सकेंगे की इच्छा पूरी करना प्रमुख है। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि नर से नारायण होने की यात्रा श्री राम है। श्रेष्ठतम मानव जीवन के लिए हम जिन आदर्शों का अनुसरण करते हैं, उनका साम्मिश्रण श्रीराम है। श्री राम ने अपने चरित्र और व्यवहार से हमें यह सिखाया की राष्ट्र और समाज की दिशा कैसी होनी चाहिए। श्री राम एक राजा से ज्यादा एक ऐसे जननायक की भूमिका में दिखते हैं, जिन्होंने समाज को भयमुक्त किया और समाज को अन्याय का प्रतिकार करने के लिए अभीकता प्रदान की। बनवासी जीवन में उन्होंने समाज के हर क्षेत्र, हर वर्ग से व्यापक जनसंपर्क किया और उन्हीं के सहयोग और समर्थन से अपने से ज्यादा शक्तिशाली रावण को हराया। श्री राम एक ऐसे लोकनायक हैं, जो हर भारतीय के हृदय में बसते हैं। उनका जीवन एक प्रकाश स्तंभ की भांति हमारे जीवन से अंधकार का नाश करता है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोया और आदर्श समाज की स्थापना की। आगे श्रीमती सिन्हा ने कहा कि हम श्री राम के जीवन पर दृष्टि डालें तो उनमें कहीं भी अपूर्णता दृष्टिगोचर नहीं होती। जिस समय जैसा कार्य करना चाहिए श्री राम ने उस समय वैसा ही किया। श्री राम रिति, नीति, प्रिति तथा भीति सभी जानते हैं। श्री राम संपूर्ण है आदर्श हैं। श्री राम ने नियम, त्याग का एक आदर्श स्थापित किया है। श्री राम ने ईश्वर होते हुए भी मानव का रूप रचकर मानव जाति को मानवता का पाठ पढ़ाया, मानवता का उत्कृष्ट आदर्श स्थापित किया। श्री राम के चार रूप दर्शाए गए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम, दशरथ नंदन, अंतयार्मी, सौपाधिक ईश्वर तथा निर्विशेष ब्रह्म। पर इन सबमें श्री राम का मयार्दा पुरुषोत्तम चरित सर्वाधिक पूजनीय है।

# 01 व 02 अप्रैल 2023 को जनपद की चारों विधानसभाओं में लगेगा पोषण मेला

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**





पोषण मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण

अमेठी मा केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार/सांसद अमेठी श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी जी के निर्देशन में पोषण उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत 01 व 02 अप्रैल 2023 को जनपद अमेठी की चारों विधानसभाओं के साथ ही जनपद रायबरेली की सलोन विधानसभा में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पोषण मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बुधवार देर शाम कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जनपद अमेठी की विधानसभा गौरीगंज के श्री रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड, अमेठी व जगदीशपुर में रामलीला मैदान तथा तिलोई में एसपीएन इंटर कॉलेज ग्राउंड में पोषण मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम व सीडीओ ने गौरीगंज, जगदीशपुर व तिलोई में कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, फायर उपकरण की व्यवस्था, पीने हेतु पानी की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सहित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही स्कूटी रैली के आयोजन हेतु पूर्व में ही रोड प्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि पोषण मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को पोषण मेले की जानकारी हो तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण मेले में पोषण बाजार, स्वास्थ्य विभाग के स्टाल, गेमिंग जोन, आंगनवाड़ी केंद्र का मॉडल, सेल्फी जोन, श्री अन्न (मोटे अनाज) सहित फूड जोन के स्टाल लगाए जाएंगे एवं मेले में सांय 6:30 से 8:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। उपरोक्त पोषण मेले में मा. सांसद महोदया द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, मुसाफिरखाना सविता यादव, तिलोई फाल्गुनी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया चिकित्सा शिविर

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की प्रेरणा से श्रीरामजन्म महोत्सव में आरोग्य भारती व सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या द्वारा संचालित आरोग्य चेतना शिविर गले व नेत्र जांच एवं खिलाड़ियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा शिविर के माध्यम से चिकित्सकों ने सेवा कार्य किया।महोत्सव आयोजन अध्यक्ष महंत गिरीशपति त्रिपाठी, इ रवि तिवारी के सहयोग से शिविर का शुभारंभ कराया।आयुर्वेद चिकित्सक डॉ पंकज श्रीवास्तव व वैद्य आनन्द उपाध्याय, होम्योपैथ चिकित्सक डॉ कल्पना कुशवाह डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठीकी देखरेख में चल रहे खेलकूद आयोजन में खिलाड़ियों की आकस्मिक व प्राथमिक चिकित्सा हेतु शिविर का विस्तार स्थल पर किया गया।आरोग्य भारती के सह प्रांत मंत्री डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा शिविर में महत्वपूर्ण बात यह रही कि- इसमें समाज के हर वर्ग ने लाभ उठा रहे है।संघ के विचार सभी को साथ लेकर चलना एवं सभी के लिए एक सामान दृष्टि रखने वाली बात यहाँ पर भी चरितार्थ होती दिखी. शिविर में मजदूर वर्ग से लेकर आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने भी बिमारियो से संबंधित परीक्षण और परामर्श ले रहे हैडॉ कल्पना कुशवाह ने कहासंघ के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि सामाजिक दायित्वों को निभाने में संगठन बिना किसी भेदभाव के अपनी गतिविधियां चलाता है। जो की सुखद है.उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विचार रखने वाले संगठन सेवा कार्यों में हमेशा ही अग्रिम पंक्ति में खड़ा होकर सबकी जरुरत को पूर्ण करने में सहयोग देता है।लोगों को अपने प्रबोधन में समग्र स्वास्थ्य रक्षा में उपचार से बेहतर बचाव पक्ष पर जानकारी देते हुए बताया अनियमित जीवनशैली से रोगों के होने जाने पर उपचार से बेहतर थोड़ी सी जागरूकता से स्वस्थजीवनशैली को अपनाकर अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रख रोगों से बच सकते हैं।आज कल हृदयाघात से होने वाली मौतों की सूचनाएं कम उम्र में भी मिलने लगी हैं हमें स्वयं भी इनके उत्प्रेरक आदि कारणों पर विचार करना चाहिए।जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी ने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए संगठन कटिबद्ध है।इस अवसर पर डॉ आनंद उपाध्याय डॉ पंकज श्रीवास्तव बृज मोहन तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बोलेरो वाहन में यूपी से लेकर जा रहा था भारी मात्रा में शराब, पुलिस को लग गई भनक जाना पड़ा जेल

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



सूरजपुर। थाना चंदौरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 1,51,367 रुपए कीमत के अवैध अंग्रेजी शराब व परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर 1 अन्तर्राज्जीय शराब तस्कर सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 29.03.2023 के रात्रि में थाना प्रभारी चंदौरा को मुखबीर से सूचना मिला कि वाड्रफनगर तरफ से बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 2867 अम्बिकापुर जाने के लिए निकली है जिसमें भारी मात्रा में मध्यप्रदेश का अवैध अंग्रेजी शराब है। सूचना से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने पूर्ण सतर्कता के साथ घेराबंदी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना चंदौरा की पुलिस ने घाट पेण्डारी में घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को रोकवाया, गाड़ी रूकते ही चालक भागने का प्रयास किया जिसे तत्परतापूर्वक पकड़ा गया। बोलेरो की तलाश लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब 13 पेटी गोवा, 3 पेटी मेगडावल, 1 पेटी रॉयल स्टेज, 60 नग बीयर, 5 बोतल रायॅल स्टेज, 15 बोतल मेगडावल, 10 बोतल गोवा अंग्रेजी शराब कुल कीमत 1,51,367 रुपए का पाया गया। आरोपी चालक रविशंकर उर्फ रवि गुप्ता से अंग्रेजी शराब के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया।पूछताछ पर आरोपी रविशंकर ने बताया कि सत्यनारायण सिंह निवासी उमरौली, थाना लखनपुर, जिला सरगुजा के आर्डर पर शराब देने जा रहा था जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर सत्यनारायण को भी पकड़ा। मामले में अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी रविशंकर उर्फ रवि गुप्ता पिता रामजनम उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सुन्दरी, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश व सत्यनारायण सिंह पिता टेकराम सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी उमरौली, थाना लखनपुर, जिला सरगुजा को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा शिवकुमार खुटे, एएसआई कमलाराम केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक केश्वर मरावी, प्रमोद लकड़ा, उदय सिंह, रामकुमार पैंकरा, आरक्षक मिथलेश गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, सैनिक ज्वाला सिंह, सक्रिय रहे।इसके पूर्व भी दिनांक 27.02.23 को थाना चंदौरा पुलिस के द्वारा एक कार सहित 7 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 37450 रुपए के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## राजस्थान दिवस पर लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम मनाया गया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढ़ः आज पंचायत समिति सभा ग्रह में राजस्थान दिवस के उपलक्ष में लाभार्थी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष और कुशलगढ़ विधायक रमिला खड़िया मुख्य अतिथि थी और कुशलगढ़ उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी की अध्यक्षता में राजस्थान दिवस के उपलक्ष में लाभार्थी उत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सा विभाग की आशा सहयोगिनी उपस्थिति दर्ज की। जिनको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना केला भारती और अन्य योजना के लाभार्थियों से संवाद किया गया कार्यक्रम में कुशलगढ़ उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी ने भी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताया और विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी कार्यक्रम को विधायक रमिला खड़िया ने भी संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं जानकारी दी और वंचित लोगों को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में जुड़ने का आह्वान किया और सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने का आह्वान किया कार्यक्रम में कुशलगढ़ तहसील दार वीरेंद्र सिंह राठौड़ महिला बाल विकास अधिकारी विशाल दातला पीसीसी सदस्य हंसमुख सेठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रजनीकांत खबरिया विकास अधिकारी मनोज दोषी कुशलगढ़ मुख्य ब्लाक खंड चिकित्सा अधिकारी गिरीश भौभौर कुशलगढ़ ब्लॉक आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी और कुशलगढ़ ब्लॉक की आशा सहयोगिनी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।



## सी पी सैनी का सैनी समाज बानसूर द्वारा स्वागत किया गया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - सैनी समाज द्वारा राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के संयोजक चद्रप्रकाश सैनी और जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल कोटपूतली एवं उनके साथियों का स्वागत बानसूर के अलवर रोड तिराये अधोपिया वाली ढाणी के रास्ते के सामने किया गया। स्वागत में सैनी का समाज के लोगों ने फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया । इस मौके पर सी पी सैनी ने कहा कि जो भी पार्टी समाज के आरक्षण सहित अन्य समस्याओं पर बात करेगी समाज उसी का साथ देगा। इस बात में सैनी समाज एकजुट है। इस मौके पर सैनी महासभा समिति अध्यक्ष सुरेश चन्द सैनी, कोषाध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ठेकेदार, पूर्व अध्यक्ष माधाराम सैनी, फुले ब्रिगेड सचिव कुलदीप सैनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, पार्षद राजेश सैनी, एडवोकेट विजय सिंह सैनी, अशोक सैनी, महेश कटारिया, मुकेश सैनी, मातादीन लाइनमैन, रामचंद्र नोन्दाली वाले, राजेश सैनी, मुकेश अधोपिया, प्यारेलाल, सुंदर लाल सैनी , महाराज ललित सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।गौरतलब है कि सी पी सैनी रामनवमी पर तिजारा में होने वाले सैनी समाज के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बानसूर होते हुए गये है।



## कठूमर थाना पुलिस ने अभियुक्त हमीद को किया गिरफ्तार

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर ।पुलिस थाना कठूमर ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बिना नंबरी मोटरसाइकिल मय एक देसी कट्टा 315 बोर एक जिंदा कारतूस सहित अभियुक्त हमीद को गिरफ्तार किया है।थाना अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि थाना कठूमर मय टीम द्वारा हमीद पुत्र इलियास उर्फ इल्ला निवासी का काबानका बास थाना खोह जिला भरतपुर को बिना नंबरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस के साथ एक देसी कट्टा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इस दौरान पुलिस टीम कार्यवाही में चंद्रशेखर पुलिस उपनिरीक्षक थाना अधिकारी, समुंदर हेड कांस्टेबल तथा कांस्टेबल अशोक ,महावीर सिंह, प्रताप सिंह चालक मौजूद रहे।




## राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवाला पाड़ा में गांगड़तलाई ब्लॉक के एसडीएमसी और एसएमसी के 60 सदस्यों की टीम ने विजिट किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः आज दिनांक 28.3.2023 को स्थानीय विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवाला पाड़ा में गांगड़तलाई ब्लॉक के एसडीएमसी और एसएमसी के 60 सदस्यों की टीम ने विजिट किया जिसमें उन्होंने विद्यालय का सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, विद्यालय में रंगरोगन,एबीएल कक्ष का,विद्यालय में स्वच्छता,कक्षा 1 से 5 की सभी विद्यार्थियों की फर्नीचर बैठक व्यवस्था विद्यालय के रसोईघर, प्रधानाध्यापक कक्ष, तथा कक्षा कक्षों की, शौचालय की सफाई आदि का विजिट किया । इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष श्री दिनेश चरपोटा ,वार्डपंच लालूभाई डामोर, रंजना रावत , सनु रावत, विक्रम डामोर, सचिव श्री अरुण कुमार जोशी, निर्वाचित अध्यापिका श्रीमती वर्षा दोसी, अध्यापक श्री हरलाल चरपोटा , कुक कम हेल्पर मंजू डामोर एवं अक्कू मईड़ा आदि उपस्थित थे।



## बानसूर में मकान पर गिरा 11 हजार वोल्टेज विद्युत पोल

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के कस्बा रामपुर में बृहस्पतिवार सुबह बाईवाला की ढाणी में फूलचंद सैनी के मकानों पर 11 हजार वोल्टेज बिजली लाइन का पोल गिर गया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गई।सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पोल को हटाने का काम शुरू किया गया। वहीं लोगों ने बताया कि जिस समय मकानों पर पोल गिरा उस समय सभी लोग खेतों में काम कर रहे थे। केवल घर पर छोटे बच्चे मौजूद थे। गनीमत रही की बच्चे नीचे खेल रहे थे। मकानों पर पोल गिरने की सूचना पर घर के लोग खेतों से भागकर घर पहुंचे। मकानों की छत पर कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।बिजली विभाग के लाइनमैन सुभाष यादव ने बताया कि पोल मकानों के पास खेत में लगा हुआ था । वहीं जमीन गीली होने से मिट्टी धंस गई। जिसके कारण अचानक पोल गिर गया। उन्होंने बताया कि पोल को हटाने का काम जारी है।



## सुधा सिंह ने अयोध्या मे गोल्ड मेडल हासिल किए

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

अयोध्या सांसद खेल महोत्सव मे गोला फेक प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान अमेठी जिले के बेटी सुधा सिंह ने हासिल किया है। सुधा सिंह अमेठी जिले के ब्लॉक अमेठी के गुलालगढ़ डेहरा निवासी श्रीमती विभा सिंह वा दान बहादुर सिंह की बेटी चांदनी सिंह पत्नी गौरव सिंह की बहन है जो अयोध्या स्थित उदया पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 की छात्रा है सुधा सिंह की इस उपलब्धि पर पूर्व प्रधान अशोक कुमार शुक्ल,दिवाकर पाण्डेय,छेदी पाण्डेय,लालता प्रसाद यादव,छोटे तिवारी,हरिहर मिश्र,सुशील कुमार सिंह ने खिलाडी सुधा सिंह को बधाई दी है।



# चैत्र नवरात्र का आज आखरी दिन, प्राचीन कुदरगढ़ देवी धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुरझ चैत्र नवरात्र का आज आखरी दिन है,, वहीं सूरजपुर के विभिन्न देवी मां के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्त पहुंच रहे हैं,, ऐसे में प्राचीन कुदरगढ़ देवी धाम में सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्त आ रहे हैं,, जहां



मां बागेश्वरी के दर्शन के लिए दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं,, और पूजा झअर्चना कर रहे है,, प्राचीन कुदरगढ़ देवी धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है,, वहीं आज जिले में जगह झजगह शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी,, ऐसे में माता के गीतों से पूरे जिले में ही भक्तिमय माहौल बना हुआ है,,,,,हर वर्ष की भांति भैयाथान राजपरिवार ने की दुर्गा अष्टमी की रात्रि में मां बागेश्वरी की प्रथम पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन कुदरगढ़ देवी धाम में भैयाथान (झिलमिली) के राजपरिवार ने दुर्गा अष्टमी में माता बागेश्वरी की प्रथम पूजा की,, और माता बागेश्वरी से क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना भी किये,, दअरसल वार्षिकीय प्रथम चैत्र रामनावमी के पावन पर्व पर कुदरगढ़ देवी धाम में स्वर्गीय भैया बहादुर के द्वारा दुर्गा अष्टमी की रात्रि में मां बागेश्वरी की प्रथम पूजा कालांतर से चलती आ रही है,, इस परंपरा को स्वर्गीय भैया बहादुर राजपरिवार भैयाथान (झिलमिली) के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस परंपरा स्वरूप इस धरोहर को, समर्पित भाव से चलाया जा रहा है,,आज भी कुदरगढ़ देवी धाम में माता बागेश्वरी की प्रथम पूजा स्वर्गीय भैया बहादुर परिवार मुख्य पुजारी के रूप में जाना जाता है,, यह इतिहास के पटल पर आज भी अंकित है, ।आज जिले में जगह झजगह शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी*चैत्र नवरात्र का आज आखरी दिन हैं,, वहीं आज सभी देवी मां के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्त पहुंच रहे हैं,, वहीं आज जिले में जगह झजगह शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी,, ऐसे में माता के गीतों से पूरे जिले में ही भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

# 2 अप्रैल को एकदिवसीय बलरामपुर दौरे पर रहेंगे छग सरकार के 3 कैबिनेट मंत्री..

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

बलरामपुर, बलरामपुर जिले के महराजगंज में 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर



सरगुजा विकास प्राधिकरण व रामानुजगंज विधायक ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा पत्रकारों से साझा की!..बता दें कि महराजगंज में 2 अप्रैल को एक दिवसीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है..इस किसान सम्मेलन में सम्मिलित होने प्रदेश के कृषि व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे,आबकारी व वाणिज्यकर विभाग के मंत्री कवासी लखमा,नगरीय प्रशासन मंत्री जिला प्रभारी मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया सम्मिलित होंगे..अपने बलरामपुर प्रवास के दौरान प्रदेश के तीनों कैबिनेट मंत्री जिले के गौठानो में गोबर से निर्मित पेंट यूनिट,मिलेट मिशन योजना का शुभारंभ कर जिलेवासियों को करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात देंगे..वही बलरामपुर जिला मुख्यालय के शहीद पार्क में पहुँच जिले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे!..

# कलेक्टर मित्तल ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर। कलेक्टर मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कोर्ट में प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर, समस्त एसडीएम



सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आश्रम छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार खिड़की, दरवाजे, विद्युतीकरण, भवन मरम्मत, जैसे जरूरी कार्यो को पंचायत के माध्यम से पूर्ण कराने के लिए कहा। इसके लिए चेक लिस्ट तैयार कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही। वन अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने अनुभाग स्तर पर प्रकरणों का पूर्ण जांच व आवश्यक दस्तावेजो की कमी को पूर्ण कराकर जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के लिए भेजने के निर्देश दिए।कलेक्टर डॉ. मित्तल ने विभिन्न शासकीय भवनों, संस्थानों के निर्माण के लिए भूमि चयन कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर विभाग को प्रदान करने के लिए कहा।

# CG मंत्री TS सिंह देव ने दिया बड़ा बयान..यहां कोई दूध का धुला नहीं है..हम सब लाचार होते हैं

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सरगुजा/ स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव रामनवमी के मौके पर अम्बिकापुर पहुंचे है. यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान ईडी की एकतरफा कार्रवाई पर सवाल उठाए. टी एस सिंहदेव ने कहा ₹बार बार भ्रष्टाचार की बात उठती है. ये किसी दल, समूह या व्यक्ति तक सीमित नही है. इसे हम रोज एक तरह से देखते हैं. लेकिन जब सबूत करने की बात आती है तो हम सब लाचार होते हैं.₹ सिंहदेव ने कहा ₹अगर कोई संवैधानिक एजेंसी जांच



का काम कर रही है तो वो किसी एक समूह के खिलाफ ज्यादा कार्रवाई करती दिखती है. कोई भी राजनीतिक दल भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है. तो फिर 95 फीसद कार्रवाई एक ही दल के लोगों पर क्यों?₹सिंहदेव ने कहा ₹दुनिया में कई चीजें भ्रष्टाचार के दायरे में आती है लेकिन उसका सबूत पाना सम्भव नहीं होता. क्या बाकी जगह भ्रष्टाचार नहीं हो रहे हैं. क्या बाकी जगह 1 नम्बर, 2 नम्बर पैसे की बात नहीं हो रही है? इसलिये कहा जाता है कि ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक रूप से किया जा रहा है. अगर हर सरकार पर कार्रवाई हो तो यहां कोई दूध का धुला नहीं है.₹

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त करने पर केंद्र सरकार पर गरजे, चौधरी अनीश समाज सेवी

**मरुधर विशेष /संवादाता आरिफ खान गोपालगढ़**

पहाड़ी, कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त करने के बाद कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ काफी आक्रामक हो रही है. ऐसे में चौधरी अनीश सहसन समाज सेवी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला. चौधरी अनीश ने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा में जिस तरह से सदस्यता निरस्त की गई



एक जल्दबाजी को देखते हुए ऐसा हिंदुस्तान में नहीं बल्कि दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिला. केंद्र सरकार एक तानाशाह के तौर पर चुने हुए सांसद की सदस्यता रद्द करने का काम किया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जेपीसी की मांग कर रहे हैं. सरकार को इस फैसले से डरना नहीं चाहिए क्योंकि ज्यादातर सांसद तो उन्हीं के हैं. चौधरी अनीश ने कहा कि ऐसा नजर आता है, जैसे चोर की दाढ़ी में तिनका हो. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली जनता के मुद्दों को उन्होंने नजदीक से देखा और वो जनता की आवाज मुखरता से उठा रहे थे. राहुल गांधी के साथ किए गए बर्ताव का जनता मुंहतोड़ जवाब देगी.।

# राज परिवार के उत्तराधिकारी ने खोले पट,सरगुजा के राममंदिर में निभाई गई रियासतकालीन परंपरा

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



सरगुजा : अम्बिकापुर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सरगुजा के 90 साल पुराने राम मंदिर में भव्य आयोजन किया गया. दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्म हुआ. इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने रियासतकालीन परंपरा निभाई. राम के जन्म के बाद मंदिर के पट खोलकर भक्तों को दर्शन कराए गए.जानिए, क्या है पुरानी परंपरा : स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि ₹ये मंदिर स्टेट टाइम में मेरे पिता जी के जन्म के अवसर पर बनवाया गया था. आगे चलकर बाबा जी की तपस्या और लोगों की आस्था को देखकर के मम्मी और डैडी ने इसे दान में अमरकंटक वाले बाबा जी को दे दिया. तब से जब भी रामनवमी की पूजा होती है उन्होंने एक परंपरा डाली है. परिवार का मुखिया आकर दोपहर बारह बजे मंदिर का पट खोला करेंगे. ये परंपरा महाराज साहब के समय से चली आ रही है."पश्चिम मुखी राममंदिर का इतिहास : सरगुजा के इतिहास के जानकार गोविंद शर्मा ने बताया ₹ टीएस सिंहदेव के पिता महाराज मदनेश्वर शरण सिंहदेव का जन्म 1930 में हुआ था. इस मंदिर का निर्माण भी उसी के आस पास कराया गया. पहले यहां चित्रगुप्त मंदिर बनाया जा रहा था. इसलिए यह पश्चिम मुखी मंदिर है. क्योंकि चित्रगुप्त मंदिर पश्चिम मुखी ही होते हैं. लेकिन उस समय राजमाता रहीं माई साहब ने सुझाव दिया कि पैलेश के सामने यम से जुड़े मंदिर बनाना उचित नहीं होगा, इसलिए फिर इस मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की गई. कहीं भी शायद ही भगवान राम का मंदिर पश्चिम मुखी होगा.₹कहां बनाया गया चित्रगुप्त मंदिर : गोविंद शर्मा बताते हैं कि ₹इसके बाद चित्रगुप्त मंदिर अंधेरी बगीचा में बनाया गया, जो आज गुदरी बाजार के रूप में जाना जाता है. 1982 में राम मंदिर में तपस्या करने वाले कल्याण दास बाबा को राजा माता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के कहने पर महाराज साहब ने मंदिर दान में दे दिया. कल्याण बाबा राम मंदिर में तपस्या करते थे. वो कड़कड़ाती ठंड में ठंडे पानी में डूबे रहते थे. गर्मियों में चारों तरफ आग जलाकर बीच में बैठकर तप करते थे. वो कभी बैठते या लेटते नहीं थे. एक पेड़ पर रस्सी का झूला बनाया था. उसी पर पेट के बल लटक कर आराम करते थे।

# हवाई सेवा शुरू होने के इंतजार में जनता, इधर अपनी-अपनी उपलब्धि बताने में जुटे राजनीतिक दल

**मरुधर विशेष, करन सोनी**




अंबिकापुर। सरगुजा जिले के दरिमा के मां महामाया एयरपोर्ट का काम अब पूरा हो चला है। यह उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत जल्द यहां से हवाई सेवा भी शुरू हो सकती है।इसे लेकर जहां प्रशासन अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। आम लोग हवाई सेवा जल्द शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं तो वहीं राजनीतिक दल इसे अपनी-अपनी उपलब्धि बताने में जुटे हुए हैं।दरअसल, अंबिकापुर से हवाई सेवा शुरू होने का सपना क्षेत्र के लोग लंबे समय से देख रहे हैं। कई बार इसे लेकर कार्रवाई भी तेज की गई, मगर अब तक यहां से हवाई सेवा का सफर शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में इस बार प्रशासन इसके लिए एड़ी चोटी का दम लगा रहा है और ऐसी उम्मीद है कि बहुत जल्द यहां ट्रायल लैंडिंग भी की जाएगी। ऐसे में कांग्रेस का कहना है कि स्थानीय विधायक और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने एयरपोर्ट के लिए खासा प्रयास किया है। यही कारण है कि काम तेजी से पूरा हो रहा है और अब कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक के प्रयास से बहुत जल्द यहां से हवाई सेवा शुरू होने का सपना पूरा हो सकेगा।कांग्रेस का यह भी कहना है कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद एयरपोर्ट के काम में तेजी आई है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा एयरपोर्ट के सपने को केंद्र सरकार की उपलब्धि बता रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव का कहना है कि केंद्र सरकार के द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे कार्यों में तेजी दिख रही है। यही नहीं भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने के बाद एयरपोर्ट के काम में कई सारे अड़चने आई। जिसे प्रदेश सरकार जल्द दूर कर सकती थी, लेकिन इस पर कोई कवायद नहीं की गई यही कारण है कि भाजपा जहां हो रहे कार्य को अपनी उपलब्धि तो बता रही है। यहां आने वाली परेशानी के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है।इन सबके बीच सरगुजा जिले के स्थानीय भाजपा कांग्रेस की उपलब्धि को दरकिनार करते हुए जल्द से जल्द क्षेत्र को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने की बात कह रहे हैं, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ही राजनेता क्षेत्र की जनता के लिए कार्य करने के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में उपलब्धि चाहे कोई भी ले लेकिन कार्य जल्दी पूरी होने चाहिए ताकि लोग लंबे समय से देख रहे सपना को पूरा कर सकें।

# आईजी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मासूमह्व के 24 साइबर टिपलाइंस प्रकरणों में 9 आरोपियों को सरगुजा रेंज की पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



सरगुजा/सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज स्तर पर पुलिसिंग में नई तकनीकी का उपयोग एवं साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से आए दिन नई-नई कार्य योजना तैयार कर उसका क्रियान्व्यम किया जा रहा है।इसी क्रम में वर्तमान समय में मासूम बच्चों के साथ घटित साइबर अपराधों के आरोपियों/ संदेहियो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर गिरफ्तार करने के उद्देश्य से रेंज स्तर पर ह्नऑपरेशन मासूमह्व चलाया जा रहा है। हाल ही में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मैटेरियल (उरअट) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया थाजिसमें आईजी राम गोपाल गर्ग भी छत्तीसगढ़ की तरफ से शामिल हुए थे। इस कार्यशाला में उरअट प्रचारित या स्टोर करने वाले साइबर अपराधियों पर कार्यवाही करने हेतु विचार विमर्श किया गया था।उसी कड़ी में ह्नऑपरेशन मासूमह्व अभियान के तहत राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो से प्राप्त साइबर टीप लाइन प्रकरणों पर कार्यवाही की जा रही है।सोशल मीडिया जैसे यूट्यूब,फेसबुक, इस्टाग्राम,ट्विटर व्हाट्सएप में नाबालिक बच्चों का अश्लील वीडियो/पॉर्नोग्राफी बनाकर अपलोड/शेयर किया जा रहा है, ऐसा घृणित अपराध करने वाले संदेही आरोपियों के विरुद्ध साइबर अपराध के तहत कार्रवाई करने के लिए रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो से प्राप्त साइबर टिप लाइन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान ऑपरेशन मासूम चलाकर लगातार वैधानिक कार्रवाई करने हेतु रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है।इसी तारतम्य में रेंज आईजी द्वारा विगत एक सप्ताह से ऑपरेशन मासूम के तहत साइबर टिप लाईन के कुल 24 प्रकरणों में से 9 आरोपियों संदेहीओं की पहचान करते हुए धारा 67बी आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है 'आईजी सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा अपने अनुभव एवं नई तकनीकी का निरंतर उपयोग करते हुए ऐसे गंभीर प्रकरणों में वांछित सफलता हासिल की गई है।इस प्रकार की गई संवेदनशील पहल पर आम जनता द्वारा आईजी के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा आरोपियों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने हेतु रेंज अंतर्गत सभी पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं।साइबर टिप लाइन के प्रकरणों की मानिटरिंग स्वयं कर रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि साइबर टीम लाइन प्रकरणों में ऑपरेशन मासूम के तहत संदेही एवं आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी'

# बाबा धोकल नाथ के लक्खी मेले में उमड़ा जनसैलाब

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। उपखंड क्षेत्र के सोडावास समीपवर्ती धोकल नाथ आश्रम छापुर का मेले का आयोजन किया गया। मेले मे संत शुभनाथ महाराज के सानिध्य में सत्संग व भंडारे का आयोजन हुआ। मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा धोकल नाथ के दर्शन कर महाराज से आशीर्वाद लिया मेले में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहूँचकर मन्नते मांग अपनी मनोकामना पूर्ण करने का बाबा से आशीर्वाद लिया मौजूद रहे बाबा बालक नाथ योगी, विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता, समाजसेवी इन्द्र यादव, सरपंच प्रतिनिधि सरजीत चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि उमेश यादव, भीमराज जिला पार्षद, भीमराज यादव करनीकोट सहित समस्त भक्तगण रहे मौजूद।

# महंत धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग

भीलवाड़ा। हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ला एकम को उदयपुर में आयोजित धर्मसभा में बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ सरकार द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द किये जाने की मांग को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी ने बताया की शास्त्री के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के संबंध में पुलिस थाना कुंभलगढ़ जिला राजसमंद द्वारा एक आपराधिक प्रकरण अपराध धारा 153 भादस मैं दर्ज किया गया। जो कि सरकार की तुष्टिकरण को बढावा देने की निती है। ज्ञापन में राज्यपाल से एफआईआर रद्द करवाने एवं दोषी पुलिसकर्मियो के खिलाफ जांच की मांग की गई है।

# महिला मुत्रालय को तोडने पर ग्रामीणों का विरोध,मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा,जांच की मांग

भीलवाड़ा। सुवाणा कस्बे के बस स्टेण्ड पर पंचायत समिति मुख्यालय के बाहर निर्मित महिला मुत्रालय को पंचायत समिति के अधिकारियो द्वारा तोडने पर सुवाणा ग्राम युवा विकास समिति के बेनर तले ग्रामीणों ने गुरूवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन भेजकर जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुवाणा बस स्टैंड पर महिला मुत्रालय का अभाव होने के कारण लगभग पांच वर्ष पूर्व लाखो रुपये खर्च करके तत्कालीन विकास अधिकारी द्वारा महिला मुत्रालय का निर्माण करवाया गया। जिस पर अब तक कई बार मरम्मत के नाम पर भी हजारों रुपए खर्च किये गये। वर्तमान में मूत्रालय की स्थिति अच्छी होने के उपरांत भी पंचायत समिति के अधिकारियों ने विगत दिनो उसे पूरी तरह तुडवा दिया गया। जिसके चलते बस स्टैंड पर एक भी मूत्रालय नही है। महिलाओं को समस्याओं को सामना करना पडता है। ज्ञापन की एक प्रति जांच की मांग करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर को भी भेजी गई है।

# कलाकृतियों से रोशन हुई आर्ट गैलेरी राजस्थान दिवस पर कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

भीलवाड़ा आकृति कला संस्थान भीलवाड़ा एवं एल.एन.जे. समूह के सहयोग से राजस्थान दिवस के उपलक्ष में वकील कोलोनी स्थित आकृति आर्ट गैलेरी में समूह कला प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी एवं आर.सी.एम. समूह के तिलोक चन्द छाबड़ा, लक्ष्मीनारायण डाड, रंगकर्मी गोपाल आचार्य, सुभाष शर्मा, पुष्पेन्द्र सैकड़ा ने किया। संस्था सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि यह कला प्रदर्शनी 4 अप्रैल तक रहेगी। इस कला प्रदर्शनी में शहर के वरिष्ठ मूर्तिकार गोवर्धन सिंह पंवार, मंजू मिश्रा, इकबाल हुसैन, सत्यनारायण सोनी, गोपाल दास वैष्णव, हंसराज मीणा, गीतांजलि वर्मा, कपिल खन्ना, बालकिशन जांगीड़, सीमा सांखला, बिन्दु जोशी, कैलाश पालिया, के.जी. कदम, नतालिया बाहुशेविच, ज्योति पारीक, रामेश्वर जीनगर, राहुल सिंह, अनुश्रुति जैन, राजेश जोशी, लोकेश जोशी, नारायण सुथार, दीपिका पाराशर, हर्षित वैष्णव, निखिल सांवरिया, नेहा पूर्बिया, कोमल रानी, अक्षी मेहता, कृतिका सोमानी, माही मुन्दड़ा, बबलु कुमार रेगर की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

# 'पाण्डुन के कड़े' गायन में भपंग के साथ गूंजा अभिमन्यु विवाह का किस्सा

जयपुरः भपंग समेत मेवात क्षेत्र के प्रचलित वाद्य यंत्रों के साथ लुप्त हो रही पाण्डुन के कड़े गायन की प्रस्तुति का सुधी श्रोताओं ने आनंद लिया। जवाहर कला केन्द्र की ओर से राजस्थान दिवस के अवसर पर गुरुवार, 30 मार्च को यह आयोजन किया गया। इसमें गफरूद्दीन खान मेवाती व उनके साथियों ने प्रस्तुति दी। 'तू नवाज पे आए तो नवाज दे जमाना, रब तू करीम ही तो ठहरा तेरे कर्म का क्या ठिकाना', ईश्वर को यह दोहा समर्पित करते हुए गफरूद्दीन खान मेवाती व उनके साथियों ने भपंग वादन की शुरूआत की। 'दुनिया में बाबा देख ले हो रही है टर ही टर', भपंग की तान पर इस गीत को सुन श्रोता झूम उठे। उन्होंने भपंग के साथ अलबख्शी शैली में 'बारी सी उम्र में पिया मार गियो रे' भी सुनाया।पाण्डुन के कड़े सुनने को श्रोता बहुत उत्सुक दिखायी दिए। गफरूद्दीन खान ने बताया कि पाण्डुन के कड़े से तात्पर्य है महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को मेवाती शैली में गाना। गफरूद्दीन खान के नेतृत्व में मेवाती जोगी समुदाय के 18 कलाकारों ने जोगिया सारंगी, मेवाती चिकारा, ढोलक, नगाड़ा, भपंग, खंजरी, मेवाती अलगोजा, जोड़ी, लयकारी, मंजीरा जैसे वाद्ययंत्रों की संगत के साथ धानी शैली में पाण्डुन के कड़े का गायन किया।

# राजस्थानी लोकगीतों का 3 माह का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

उदयपुर, 30 मार्च। राजस्थान दिवस के शुभ अवसर पर विरासत संस्थान, उदयपुर के तत्वाधान में विरासत दल के कलाकारों ने राजस्थानी लोक नृत्यों व लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। विजयलक्ष्मी आमेटा के निर्देशन में विभांगी आमेटा, लवीना प्रजापत, किरण लोहार, आकांक्षा प्रजापत, चंचल व लूना ने भवाई, तेरहताल, कालबेलिया, घूमर, चरी व गणगौर नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इजरायल की महिला पर्यटक तमार द्वारा दल के अन्य कलाकारों के साथ घूमर नृत्य की प्रस्तुति थी।विरासत ग्रुप की संचालिका विजयलक्ष्मी आमेटा व कृष्ण चंद्र आमेटा ने बताया कि आगामी 3 महीनों तक प्रत्येक रविवार समय 11:00 से 4:00 तक राजस्थानी लोक नृत्यों को सीखने की इच्छुक महिलाओं व युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था।




Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256